
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



मैं 'हेरा फेरी 3 को धुरंधर से....

आजकल एक रील से बन सकते हैं स्टार

वर्ष : 12 | अंक : 191 | लखनऊ, 05 जुलाई, रविवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### निर्वासन के लिए 50 बांग्लादेशी बंगाल पहुंचे



सलेम। तमिलनाडु से 50 बांग्लादेशी नागरिकों के समूह को ट्रेन से बंगाल भेजा गया ताकि उन्हें उनके देश वापस भेजा जा सके। पुलिस ने जानकारी दी। वापस भेजे जा रहे इन लोगों में 44 पुरुष और छह महिलाएं शामिल हैं। इन्हें पहले सलेम जिले के अत्तूर तालुक कार्यालय परिसर में बने विशेष निरुद्ध शिविर में रखा गया था।

### शिंदे को वायरल बुखार अस्पताल में भर्ती



मुंबई। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को वायरल बुखार और सर्दी की शिकायत के बाद ठाणे के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार को अस्पताल में भर्ती कराए गए उपमुख्यमंत्री को चिकित्सकों ने आराम करने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि उम्मीद है कि शिंदे को जल्द अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी।

### करनाल में कृषि-रसायन कारखाने में भीषण आग



चंडीगढ़। हरियाणा के करनाल में शनिवार को एक कृषि-रसायन कारखाने में भीषण आग लग गई। सदर थाना प्रभारी तरसेम ने बताया कि नगला चौक के पास स्थित कारखाने के गोदाम में आग लगने के समय कोई मौजूद नहीं था। पुलिस के मुताबिक आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसमान में काले धुएं का गुबार छा गया।

### मुंबई में बारिश से स्कूल-कॉलेज बंद



मुंबई। मौसम विज्ञान विभाग द्वारा अत्यधिक भारी बारिश का 'रेड अलर्ट' के बाद बीएमसी ने शनिवार को महानगर के सभी विद्यालयों महाविद्यालयों में दोपहर की पाली के लिए अवकाश घोषित कर दिया। बीएमसी ने बताया कि अत्यधिक भारी बारिश के पूर्वानुमान के मद्देनजर यह फैसला किया।

## प्रधानमंत्री मोदी ने जोधपुर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का किया उद्घाटन

# हम लोगों की सुविधाओं में कर रहे इजाफा युद्धकाल में विपक्ष ने नागरिकों को 'डराया'



प्रधानमंत्री ने पौधरोपण भी किया

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राजस्थान के जोधपुर में एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने संशोधित 'उड़ान' योजना भी लॉन्च की, जिसका उद्देश्य देश में विमानन कनेक्टिविटी का विस्तार और विमानन-आधारित विकास को गति देना है। प्रधानमंत्री ने नए टर्मिनल भवन का निरीक्षण किया। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू और केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने उन्हें टर्मिनल की विभिन्न विशेषताओं की जानकारी दी। इसके बाद प्रधानमंत्री ने नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। यह परियोजना 480 करोड़ रुपए की लागत से विकसित की गई है। 23,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में फैला यह नया टर्मिनल भवन हर साल 20 लाख यात्रियों को संभालने में सक्षम है। इसमें आधुनिक यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे यात्रियों को अधिक सुगम और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। इस दौरान मोदी ने कहा कि युद्ध के दौरान कई अफवाहें फैलाई गईं। देशवासियों को डराया गया।

**संशोधित 'उड़ान'** योजना लॉन्च की विपक्ष पर बोला हमला

**480** करोड़ की लागत से तैयार हुआ

**23,000** वर्ग मीटर में फैला

**20** लाख यात्रियों को हर साल संभालने में सक्षम



उड़ान योजना की शुरुआत करते प्रधानमंत्री मोदी

**राजस्थान की विरासत और हरित**

राजस्थान की शाही विरासत से प्रेरित इस टर्मिनल की वास्तुकला में मेहराब और झरोखों जैसे पारंपरिक तत्वों को आधुनिक डिजाइन के साथ समाहित किया गया है। ऊर्जा-कुशल प्रणालियां, जल संरक्षण

**योजना के लिए 28,840 करोड़ रुपए का प्रावधान**

पीएम मोदी ने संशोधित 'उड़ान' योजना भी लॉन्च की। इस योजना के तहत 28,840 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है। इसका उद्देश्य अगले 10 वर्षों में

**100 नए हवाई अड्डे और 200 हेलिपैड विकसित होंगे**

अप्रयुक्त हवाई पट्टियों का उपयोग करते हुए 100 हवाई अड्डों के विकास पर विशेष जोर दिया गया है, जिसके लिए 12,000 करोड़ का बजट निर्धारित किया गया है।

### पचपदरा रिफाइनरी का लोकार्पण किया

## गिनाईं ये उपलब्धियां, विकास में बड़ा कदम बताया

प्रधानमंत्री ने जोधपुर में नए एयरपोर्ट टर्मिनल और करीब 79,459 करोड़ की लागत से विकसित पचपदरा रिफाइनरी का लोकार्पण किया। रिफाइनरी से जुड़े पेट्रोकेमिकल जोन के विकास की दिशा में यह बड़ा कदम माना जा रहा है। इस रिफाइनरी से निकलने वाले उप-उत्पादों पर आधारित प्लास्टिक उद्योग स्थापित किए जाएंगे। 'उड़ान' से मारवाड़ की समृद्ध विरासत और आधुनिक बुनियादी ढांचे के इस अनूठे संगम में देश-विदेश से आने वाले यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी।

### पचपदरा रिफाइनरी की खास बातें

पचपदरा रिफाइनरी देश की सबसे बड़ी औद्योगिक परियोजनाओं में शामिल है। इसके निर्माण के लिए 1.5 करोड़ घन मीटर मिट्टी की खुदाई की गई।

**राजस्थान की धरती के कण-कण ने हमें स्वाभिमान की सीख दी**

पीएम मोदी ने कहा कि राजस्थान की धरती के कण-कण ने हमें स्वाभिमान की सीख दी है। यह रिफाइनरी यहां हजारों लोगों के लिए रोजगार का माध्यम बनेगी। भाजपा की सरकारें केवल परियोजनाओं का शिलान्यास करके उन्हें अधूरा नहीं छोड़तीं।

**छोटे-छोटे क्षेत्रों को भी हवाई सेवाओं से जोड़ा जाएगा**

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह टर्मिनल मारवाड़ के विकास को नई गति देगा। इसके तहत दूर-दराज के छोटे-छोटे क्षेत्रों को भी हवाई सेवाओं से जोड़ा जाएगा। राजस्थान के 54 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र भी दिए गए।

**युद्ध के बीच घरेलू गैस की कीमतें रहीं अप्रभावित**

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस युद्ध ने 21वीं सदी के सबसे बड़े ऊर्जा संकट को जन्म दिया। सरकार ने प्रभावी प्रबंधन के जरिए इसकी कीमत करीब 950 रुपए के आसपास बनाए रखी।

**हमने किसानों को 300 रुपए में दी यूरिया**

पीएम मोदी ने कहा कि यूक्रेन युद्ध के कारण खाद का गंभीर संकट पैदा हो गया था। एक बोरी यूरिया की कीमत 3,000 रुपए से भी ऊपर पहुंच गई थी। हमने किसानों को यूरिया मात्र 300 रुपए में उपलब्ध कराया, सब्सिडी भी दी।

**दूसरे देशों के साथ दोस्ती बहुत काम आई**

पीएम मोदी ने कहा कि युद्ध के इसी समय में भारत की दूसरे देशों के साथ दोस्ती बहुत काम आई। पहले भारत 25-26 देशों से ईंधन का आयात करता था, लेकिन संकट के समय भारत की रणनीति का जलवा दिख गया।

## पहली बार लखनऊ पहुंचे नबीन

# रोड शो में बरसे फूल... प्रदेश मुख्यालय में की अहम बैठक

### मुख्यमंत्री योगी ने किया नबीन का स्वागत



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद नितिन नबीन शनिवार को पहली बार लखनऊ पहुंचे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पुष्पगुच्छ देकर व भगवा अंगवस्त्र पहनाकर एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। योगी ने प्रदेश सरकार के मंत्रियों व कार्यकर्ताओं का परिचय भी कराया। योगी ने 'एक्स' पर लिखा कि प्रभु श्रीराम एवं लीलाधारी भगवान श्रीकृष्ण के चरणरज से पावन हुई संस्कृति, संस्कार और सृजन की साधना स्थली उत्तर प्रदेश में नबीन का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन।

**फिर से कमल खिलेगा**

नबीन ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव में फिर से कमल खिलेगा और पार्टी कार्यकर्ता चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। आज पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा दिखाया गया प्यार और स्नेह संकेत देता है कि 2027 में कमल निश्चित रूप से खिलेगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से 'डबल इंजन' सरकार मोदी-योगी की जोड़ी ने उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश में बदल दिया है, कमल निश्चित रूप से उत्तर प्रदेश में खिलने के लिए तैयार है।

**योगी बोले- हार्दिक स्वागत व अभिनंदन**

मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर किए गए पोस्ट में लिखा कि प्रभु श्रीराम एवं लीलाधारी भगवान श्रीकृष्ण के चरणरज से पावन हुई संस्कृति, संस्कार और सृजन की साधना स्थली उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन जी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन।

**उत्साह बता रहा फिर बनेगी भाजपा सरकार**

नबीन ने कहा कि उत्तर प्रदेश की इस धरती को नमन करता हूं। प्रभु श्रीराम की धरती, भोले बाबा की धरती, श्रीकृष्ण की धरती को नमन करता हूं। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करता हूं। यह उनका कार्यक्षेत्र रहा है। कार्यकर्ताओं का उत्साह है, निश्चित रूप से भाजपा की फिर से सरकार बनेगी। इस कार्ययोजना पर हम काम कर रहे। नबीन का स्वागत करने वालों में प्रदेश अध्यक्ष/केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, केंद्रीय राज्यमंत्री कमलेश पासवान, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, मंत्री सुरेश खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, भूपेंद्र चौधरी, एके शर्मा, धर्मपाल सिंह, नंद गोपाल गुप्ता 'नन्दी', संजय निषाद, दारा सिंह, जेपीएस राठौर, राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा, संजय सेठ, ब्रजलाल, महापौर सुषमा खर्कवाल समेत जनप्रतिनिधि शामिल रहे।

## मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन पर खुशखबर

# रेलमंत्री ने बताया.. 80 फीसदी काम पूरा, अगले साल से सफर

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



भारत को अपनी पहली बुलेट ट्रेन की सौगात मिलने वाली है। अगले साल अगस्त तक मुंबई अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर पर पहली ट्रेन शुरू हो जाएगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को ऐलान किया है कि बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट का पहला सेक्शन 2027 में तैयार हो जाएगा। उन्होंने बताया कि मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर का निर्माण कार्य 80 फीसदी पूरा हो चुका है।

**चरणों में शुरू होगा पूरा बुलेट ट्रेन कॉरिडोर**

वैष्णव ने बताया कि प्रोजेक्ट का काम बहुत तेजी से चल रहा है। अगले साल सूरत से बिलिमोरा तक का पहला सेक्शन चालू हो जाएगा, इसके बाद वापी से सूरत वाला सेक्शन शुरू होगा. फिर वापी से अहमदाबाद वाला सेक्शन पूरा किया जाएगा।

## बिहार में एक और पुल गिरा



**ब्रिज का स्लैब गिरने से कई मजदूर घायल**

समस्तीपुर। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ड्रीम प्रोजेक्ट माने जाने वाले ताजपुर-बख्तियारपुर गंगा सेतु के निर्माण कार्य के दौरान शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। समस्तीपुर जिले के मोहनपुर प्रखंड अंतर्गत राजपुर-जौनापुर गंगा घाट के पास निर्माणाधीन पुल के पिलर संख्या- 58 के समीप अचानक स्लैब टूटकर गिर गया।

## ममता को एक और बड़ा झटका

# प्रदेश अध्यक्ष चंद्रिमा ने पार्टी के सभी पदों से दिया इस्तीफा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



पश्चिम बंगाल की पूर्व सीएम ममता बेनर्जी को एक और बड़ा झटका लगा है। एक दिन पहले ही ममता के पार्टी ऑफिस पर बागी गुट ने कब्जा कर लिया था और अब टीएमसी की प्रदेश अध्यक्ष चंद्रिमा भट्टाचार्य ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा देने का ऐलान कर सभी को चौंका दिया। चंद्रिमा को ममता की करीबी नेता माना जाता है।

**3 जून को ही प्रदेश अध्यक्ष बनीं**

चंद्रिमा को बंगाल चुनाव में हार के बाद 3 जून को ही सुब्रत बक्शी की जगह अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। ममता ने विधायकों की बगावत के बाद पार्टी की सभी समीतियों को भंग कर दिया था और संगठन में बड़े बदलाव किए थे। चंद्रिमा ने लिखा कि वे सौंपे गए टीएमसी के प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे रही हैं।

## वित्त मंत्री सीतारमण ने मध्य वर्ग को भारत का वृद्धि इंजन बताया

# 500 शहर बनेंगे नए आर्थिक केंद्र, गतिविधियां बढ़ेंगी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को मध्य वर्ग को केवल वृद्धि का लाभार्थी नहीं, भारत का वृद्धि इंजन बताया। उन्होंने कहा कि देश के लगभग 500 शहर आर्थिक गतिविधि के अगले केंद्र के रूप में उभरने के लिए तैयार हैं। सीतारमण फ्रांस के एक प्रमुख आर्थिक मंच 'रेनकॉन्ट्रेस इकनॉमिक्स डी'एक्स-एन-प्रोवेंस' में एक पैनल चर्चा में भाग ले रही थीं। उन्होंने बताया कि आज भारत की 31 फीसदी आबादी मध्य वर्ग में आती है। भारत की अर्थव्यवस्था खुलने के बाद से मध्य वर्ग सालाना 6.3 फीसदी की दर से बढ़ रहा है। उनका अनुमान है कि भारत में कुल खर्च का 93 फीसदी मध्य वर्ग या थोड़े संपन्न उपभोक्ताओं के कारण होगा। सीतारमण ने बताया कि यह मध्य वर्ग केवल महानगरों में केंद्रित नहीं है।

### फ्रांस के प्रमुख आर्थिक मंच में बोलीं



**कोविड के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था बढ़ रही**

उन्होंने कहा कि मध्य वर्ग की खपत ही अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा रही है। एक ओईसीडी अध्ययन का हवाला देते हुए सीतारमण ने कहा कि सरकार द्वारा उठाए गए कई कदमों के कारण भारत 2030 से 2035 के बीच मध्य वर्ग की आबादी के मामले में चीन को पीछे छोड़ देगा। कोविड-19 के बाद भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है, जिसका मुख्य कारण मध्य वर्ग द्वारा प्रेरित खपत है।

**मध्य वर्ग के लिए सरकार दे रही सहूलियतें**

मध्य वर्ग के आकार को बढ़ाने के लिए सरकार ने कई पहल की हैं। इनमें वित्तीय समावेशन, हालिया जीएसटी दर युक्तिकरण और बिना गारंटी ऋण प्रदान करना शामिल है। प्रधानमंत्री आवास योजना भी इन पहलों का हिस्सा है। इन कदमों से मध्य वर्ग को लाभ मिल रहा।

**लोग तकनीकी कौशल को उन्नत कर रहे**

सीतारमण ने कहा कि लोग आगे रहने के लिए लगातार अपने तकनीकी कौशल को उन्नत कर रहे हैं। जो लोग एआई से नौकरियों के विस्थापन से डरते हैं, उनके लिए सरकार व्यापक सहायता दे रही है। देश भर में एआई-केंद्रित कौशल विकास कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी में जिला स्तर पर एआई कौशल शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

## तलाक पर सुप्रीम कोर्ट ने की अहम टिप्पणी

**हाईकोर्ट का आदेश बरकरार**

# पति को निजता का अधिकार, उचित प्रतिबंध भी संभव, दावा खारिज किया

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट के उस आदेश को सही ठहराया है, जिसमें तलाक के मामले में विवाह-बाह्य संबंध के आरोपी पति के 'निजता के अधिकार' के दावे को खारिज कर दिया गया था। कोर्ट ने कहा कि पत्नी पति पर लगे विवाह-बाह्य संबंध के आरोप को साबित करने के लिए कॉल डिटेल रिकॉर्ड और होटल बुकिंग से जुड़ी जानकारी जैसे साक्ष्य जुटाने के लिए अदालत की मदद ले सकती है। जस्टिस मनमोहन और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ ने अलग रह



रहे पति की अपील को खारिज कर दिया, जिसमें उसने दिल्ली हाई कोर्ट के 10 मई, 2023 के आदेश को चुनौती दी थी। अपील खारिज करते हुए पीठ ने कहा कि दोनों पक्षों के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद हमें हाई कोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप करने की कोई आवश्यकता नहीं दिखती।

**हाई कोर्ट ने यह कहा था**

दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा था कि कानून विवाह-बाह्य संबंध को तलाक का वैध आधार मानता है। ऐसे में किसी विवाहित पुरुष पर यदि विवाह के दौरान किसी अन्य महिला के साथ यौन संबंध का आरोप है, तो केवल 'निजता के अधिकार' का हवाला देकर उसे कानूनी संरक्षण नहीं दिया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का भी उल्लेख किया था, जिसमें कहा गया था कि निजता का अधिकार संरक्षित मौलिक अधिकार है, पर यह पूर्ण या असीमित नहीं है।

## गाली गलौज और मारपीट करने का आरोप,रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के कुरौनी स्थित गुलाब खेड़ा निवासी सूरज ने मोहल्ले के ही अंकेश, आयुष और अयोध्या प्रसाद पर गाली गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाया है। सूरज का कहना है कि 10 जून 2026 की रात करीब 11 बजे वह घर से लघु शंका के लिए बाहर निकला तो वहां लगी सार्वजनिक रोड लाइट बंद मिली। इस दौरान उसने रोड लाइट बंद होने पर विरोध जताया। आरोप है कि विरोध करने पर पड़ोसी अंकेश, उसके रिश्तेदार आयुष और अयोध्या प्रसाद उससे गाली गलौज करने लगे। इतना ही नहीं आरोप है कि तीनों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए डंडों से मारपीट की, जिससे सूरज के सिर में चोटें आईं। तब एंबुलेंस की मदद से उसे अस्पताल पहुंचा कर इलाज कराया गया । साथ ही घटना की सूचना डायल 112 पर भी दी गई। फिलहाल सूरज की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बंद मकानों में चोरी करने वाला एक शातिर चोर गिरफ्तार,

### सोने-चांदी के गहने और 1320 रुपये भी बरामद

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर पुलिस और सर्विलांस सेल जोन दक्षिणी की संयुक्त टीम ने बंद मकानों में चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर चोरी की दो घटनाओं का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में चोरी किए गए सोने-चांदी के गहने और 1320 रुपये भी बरामद की है ।पुलिस के मुताबिक बिजनौर के औरंगाबाद जागीर स्थित रॉयल नगर निवासी शिवांगी पांडेय ने 25 मई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 24 मई को वह रिश्तेदारी गई थी। तभी रात में घर का ताला तोड़कर चोर घर से करीब 10 हजार रुपये और कीमती गहने चोरी कर ले गए। इसी तरह यहीं के लक्ष्मी एनक्लेव रॉयल सिटी निवासी राजू राय ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह 17 मई को घर में ताला बंद कर अपने पैतृक गांव गए थे। 25 मई




को दोपहर जब वापस लौटे तो घर के ताले टूटे होने के साथ सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। उन्होंने पुलिस को बताया था कि चोर उनके घर से कीमती गहने और 17 हजार रुपए चुरा ले गए। पुलिस का कहना है कि दोनों पीड़ितों की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर चोरों का पता लगाने के लिए 400 से अधिक सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए। तभी जांच के दौरान मूल रूप से बिहार प्रांत के वैशाली जिले में हाजीपुर थाना अंतर्गत चक सिकंदर व वर्तमान में गोमती नगर के कौशलपुरी छोटा भरवारा निवासी अमित कुमार रस्तोगी की पहचान सामने आई। जिस पर पुलिस ने शनिवार तड़के बिजनौर स्थित छुआराखेड़ा मोड़ के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि वह अपने साथी विभूति खंड के बाद भरवारा निवासी नरसिंह गौतम के साथ मिलकर बंद पड़े मकानों की पहले रेकी करता था। जब भरोसा हो जाता था कि घर में कोई मौजूद नहीं है, तब दोनों ताला तोड़कर घर में घुसते और नकदी, गहने व अन्य कीमती सामान चोरी कर लेते थे। चोरी का सामान राहगीरों को बेचकर रकम आपस में बांट लेते थे। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपी अमित शातिर चोर है, उसके खिलाफ लखनऊ के कई थानों में चोरी, गैंगस्टर एक्ट और अन्य धाराओं में मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस ने बरामद गहने व नगदी कब्जे में लेकर गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया है। जबकि उसके फरार साथी की तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

## 47 लाख विद्युत उपभोक्ता में 25 प्रतिशत गरीब उपभोक्ता का लोड बढ़ाना गलत

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) द्वारा बिना पूर्व सूचना लगभग 46.79 लाख (लगभग 47 लाख) विद्युत उपभोक्ताओं का स्वीकृत विद्युत भार (लोड) बढ़ाए जाने पर गंभीर आपत्ति जताई है।

परिषद का कहना है कि अब पूरे प्रदेश के लाखों उपभोक्ताओं को संदेश भेजकर यह बताया जा रहा है कि उन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान अपने स्वीकृत लोड से अधिक भार का उपयोग किया, इसलिए उनका स्वीकृत लोड 1 किलोवाट से 2 किलोवाट अथवा अन्य श्रेणी में बढ़ा दिया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि यह कार्रवाई विद्युत नियामक आयोग के टैरिफ आदेश की भावना के विपरीत है। टैरिफ आदेश में स्पष्ट प्रावधान है कि यदि किसी उपभोक्ता का लोड निर्धारित अवधि तक अधिक पाया जाता है तो उसे नियमानुसार पूर्व सूचना देकर स्थिति से अवगत कराया जाना चाहिए। यदि लगातार तीन माह तक अधिक भार का उपयोग हुआ, तो उसकी जानकारी समय रहते उपभोक्ता को दी जानी चाहिए थी, बिना पूर्व सूचना सीधे स्वीकृत भार बढ़ाना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि सबसे गंभीर पहलू यह है कि जिन लगभग 46.79 लाख उपभोक्ताओं का भार बढ़ाया गया है, उनमें लगभग 50 प्रतिशत स्मार्ट मीटर उपभोक्ता हैं तथा लगभग 25 प्रतिशत ऐसे उपभोक्ता हैं, जिन्हें सरकार की सब्सिडी योजना के अंतर्गत लाइफलाइन विद्युत उपभोक्ता के नाते रियायती दरों पर बिजली उपलब्ध होती है। ऐसे लाखों गरीब उपभोक्ताओं का भार 1 किलोवाट से 2 किलोवाट किए जाने के कारण उन्हें मिलने वाली सब्सिडी का लाभ स्वतः समाप्त हो रहा है। परिषद के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्र का गरीब घरेलू उपभोक्ता, जो पहले 1 किलोवाट पर 50 फिक्स्ड चार्ज तथा निर्धारित खपत पर लगभग 300 का भुगतान करता था, अब 2 किलोवाट होने पर उसे 180 फिक्स्ड चार्ज के साथ अधिक ऊर्जा शुल्क देना पड़ेगा। इससे ऐसे उपभोक्ताओं पर औसतन लगभग 165 प्रतिमाह का अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। इसी प्रकार शहरी गरीब घरेलू उपभोक्ताओं पर भी भारी वित्तीय भार पड़ेगा। जो उपभोक्ता पहले 1 किलोवाट श्रेणी में कम फिक्स्ड चार्ज और रियायती दरों का लाभ प्राप्त कर रहे थे, उनका भार 2 किलोवाट होने पर फिक्स्ड चार्ज एवं ऊर्जा शुल्क दोनों में वृद्धि होगी, जिससे उन पर लगभग 435 प्रतिमाह का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष के लखनऊ आगमन और प्रस्तावित मेगा रोड शो के चलते लगा भीषण जाम

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के लखनऊ आगमन और प्रस्तावित मेगा रोड शो के चलते शनिवार को सरोजनी नगर में कानपुर रोड पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। सुबह करीब 11 बजे नादरगंज तिराहे के पास कानपुर से लखनऊ आने वाले वाहनों को रोक दिए जाने से भीषण जाम की स्थिति पैदा हो गई। हालात यह रहे कि कानपुर रोड पर नादरगंज तिराहे से लेकर सरोजनी नगर थाने तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। जाम का असर केवल कानपुर रोड पर ही नहीं सीमित रहा, बल्कि अमौसी रेलवे स्टेशन और औद्योगिक क्षेत्र से आने वाला यातायात भी बुरी तरह प्रभावित हुआ। यहाँ करीब डेढ़ घंटे तक नादरगंज तिराहे से अमौसी रेलवे स्टेशन रोड पर गिंदनखेड़ा तक और औद्योगिक क्षेत्र के अंदर सीपेट तक वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। भीषण गर्मी और तेज धूप में जाम में फंसे लोग काफी परेशान नजर आए। खासकर बाइक और साइकिल सवारों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जाम के दौरान नादरगंज तिराहे पर तैनात ट्रैफिक पुलिस कर्मियों और राहगीरों के बीच कई बार तीखी नोकझोंक भी हुई। लोगों ने यातायात व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई। हालांकि नितिन नवीन के एयरपोर्ट से निकल जाने के काफी देर बाद दोपहर करीब 12:15 बजे ट्रैफिक बहाल किया गया, लेकिन इसके बाद भी स्थिति सामान्य नहीं हो सकी। बल्कि जल्दी निकलने के चक्कर में



वाहन सवार तेजी से इधर-उधर भागने लगे। जिससे जाम के हालात और ज्यादा बिगड़ गये ।हालाकि बाद में ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के साथ ही नादरगंज पुलिस चौकी प्रभारी ने भी कमान संभाली, तब कड़ी मशक्कत के बाद यहां यातायात सही हो सका। लेकिन इसके बाद भी एयरपोर्ट तिराहे से लेकर सरोजनीनगर थाने तक और नादरगंज से गिंदनखेड़ा व सीपेट मार्ग तक वाहन रेंगते नजर आए। जाम से बचने के लिए कई लोग आसपास की गलियों से निकलने को मजबूर

## योगी सरकार का बड़ा फैसला, अब तीन सदस्यीय विशेष पीठ करेगी शासकीय भूमि से जुड़े वादों की सुनवाई

### हर बुधवार को होगी सुनवाई, लंबित और नए सभी वाद होंगे सूचीबद्ध

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश में राजस्व प्रशासन को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाने की दिशा में लगातार महत्वपूर्ण सुधार कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राजस्व परिषद ने सार्वजनिक महत्व की भूमि से जुड़े मामलों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए बड़ा निर्णय लिया है। अब आरक्षित श्रेणी की भूमि, शासकीय भूमि, ग्राम सभा, नजूल, निष्क्रांत संपत्ति तथा शत्रु संपत्ति (यदि कोई हो) से संबंधित सभी वादों की सुनवाई तीन सदस्यीय विशेष पीठ (थ्री मेंबर बेंच) द्वारा की जाएगी। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है।

राजस्व परिषद की अध्यक्ष अर्चना अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार सरकारी एवं सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने, भूमि विवादों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने तथा राजस्व न्याय प्रणाली को आधुनिक और तकनीक आधारित बनाने पर विशेष बल देते रहे हैं। ऐसे में उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा-9 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नई व्यवस्था लागू की गयी है। इसका उद्देश्य इन संवेदनशील मामलों के निस्तारण में पारदर्शिता, न्यायिक गुणवत्ता और एकरूपता सुनिश्चित करना है। यह व्यवस्था तत्काल लागू कर दी गई है, जिसके तहत लखनऊ एवं प्रयागराज स्थित राजस्व परिषद न्यायालयों में इन श्रेणी के सभी लंबित और नए वाद अब विशेष रूप से गठित तीन सदस्यीय पीठ के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे। नई व्यवस्था के अनुसार आरक्षित श्रेणी की भूमि, शासकीय भूमि, ग्राम सभा,



नजूल, निष्क्रांत संपत्ति तथा शत्रु संपत्ति से जुड़े मामलों की सुनवाई अब परिषद की एकल पीठ अथवा सर्किट कोर्ट द्वारा नहीं की जाएगी। इन मामलों पर विशेष रूप से गठित तीन सदस्यीय पीठ सामूहिक रूप से विचार करेगी। इससे महत्वपूर्ण मामलों में विभिन्न न्यायिक दृष्टिकोणों का समावेश होगा और निर्णय प्रक्रिया अधिक मजबूत, निष्पक्ष तथा न्यायसंगत बन सकेगी।

परिषद की अध्यक्ष ने बताया कि राजस्व परिषद ने लखनऊ और प्रयागराज दोनों न्यायालयों के लिए अलग-अलग तीन सदस्यीय विशेष पीठों का गठन किया है। इन विशेष पीठों द्वारा प्रत्येक बुधवार को नियमित रूप से इन मामलों की सुनवाई की जाएगी। इससे सरकारी और सार्वजनिक भूमि से जुड़े संवेदनशील प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण संभव होगा, साथ ही पूरे प्रदेश में निर्णय प्रक्रिया में एकरूपता भी स्थापित होगी। वहीं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि इस श्रेणी के सभी लंबित एवं नए वादों की पहचान कर उन्हें निर्धारित विशेष पीठ के समक्ष सूचीबद्ध कराया जाए। इससे नई व्यवस्था का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा और मामलों के अनावश्यक लंबित रहने की संभावना भी कम होगी। व्यवस्थित सूचीकरण और नियमित सुनवाई से न्यायिक प्रक्रिया अधिक सुचारु एवं परिणामकारी बनेगी। सामूहिक निर्णय प्रणाली अपनाए जाने से न्यायिक प्रक्रिया की विश्वसनीयता और पारदर्शिता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। साथ ही विभिन्न प्रकार के समान मामलों में एकरूप निर्णय आने से भविष्य में अनावश्यक विवादों और कानूनी असमंजस की स्थिति भी कम होगी। योगी सरकार पहले ही राजस्व प्रशासन में व्यापक सुधारों की दिशा में कई महत्वपूर्ण पहल कर चुकी है। डिजिटल भू-अभिलेख, ऑनलाइन नामांतरण एवं अन्य राजस्व सेवाएं, आधुनिक तकनीकों के माध्यम से भूमि पैमाइश, पारदर्शी न्यायिक प्रक्रिया तथा सरकारी भूमि की सुरक्षा जैसे कदमों ने राजस्व व्यवस्था को अधिक उत्तरदायी बनाया है। अब तीन सदस्यीय विशेष पीठ का गठन इसी सुधार श्रृंखला की महत्वपूर्ण कड़ी है। विशेषज्ञतापूर्ण सामूहिक निर्णय

## पिछले 20 साल से हर माह जाता हूं वैष्णो देवी मंदिर : अंश मनुजा

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** कलर्स के चर्चित फैमिली कॉमेडी-ड्रामा शो बरेली के बच्चन में अंश मनुजा सतलुज उर्फ एंग्री बच्चन के किरदार में नजर आ रहे हैं। अपने बागी स्वभाव और अलग सोच की वजह से सतलुज शो के सबसे दिलचस्प किरदारों में से एक है। खास बातचीत में अंश मनुजा ने शो, अपने किरदार की खासियत, बरेली में शूटिंग के अनुभव, शो मिलने की खुशी, सह-कलाकारों के साथ अपनी बॉन्डिंग, सेट के पारिवारिक माहौल और दर्शकों के लिए अपने संदेश पर खुलकर बात की।



**बरेली के बच्चन में अपने किरदार के बारे में कुछ बताइए ?**

मेरा किरदार काफी बागी है. मेरा मानना है कि हर परिवार में एक ऐसा बच्चा जरूर होता है जो थोड़ा विद्रोही स्वभाव का होता है. बचपन से ही उसे हर बात पर अपनी राय रखनी होती है, क्योंकि उसे लगता है कि उसका नजरिया बिल्कुल सही है. मेरा किरदार भी कुछ ऐसा ही है. वह एक ग्रे जोन में रहता है, जहां उसे बागी भी बनना पड़ता है, लेकिन इसके बावजूद वह अपने भाइयों से बहुत प्यार करता है. बस उसे अपना प्यार जताना नहीं आता।

**आपके किरदार की सोच को क्या चीज सबसे ज्यादा प्रभावित करती है ?**

मां के निधन के बाद उसके जीवन में काफी बदलाव आए हैं. घर के हालात ठीक नहीं हैं और वह हर चीज को बहुत व्यावहारिक तरीके से देखता है. उसे लगता है कि जब हमारा खुद का घर मुश्किलों से गुजर रहा है, तो किसी और की जिंदगी को उसमें लाकर क्यों परेशान किया जाए. इसलिए वह परिवार को एक रियलिटी चेक देने की कोशिश करता है. यही बात मुझे अपने किरदार में सबसे ज्यादा पसंद है।

**शो मिलने के बाद आपका पहला रिएक्शन क्या था ?**

मैं पिछले 20 सालों से हर महीने वैष्णो देवी जाता रहा हूं. मुझे अंदाजा था कि मुझे यह शो मिलने वाला है. जैसे ही मैंने कॉन्ट्रैक्ट साइन किया, मैंने अपने पिता से कहा कि मैं वैष्णो देवी जाऊंगा. इस बार मैं पहली बार अकेले वहां गया और माता रानी का आशीर्वाद लिया. सबसे पहले मैंने अपने पिता को फोन किया और फिर अपने दोस्तों और माँ को फिर परिवार वालों को यह खुशखबरी दी।

**यह पल आपके लिए कितना खास था ?**

यह सिर्फ मेरा सपना पूरा होने का पल नहीं था, बल्कि उन सभी लोगों की मेहनत और विश्वास का नतीजा था जो पिछले तीन-चार सालों से मेरे साथ खड़े रहे. इसलिए यह खुशी सिर्फ मेरी नहीं थी, उन सभी की थी जिन्होंने मेरे संघर्ष में मेरा साथ दिया।

**शो की कास्ट के साथ आपकी बॉन्डिंग कैसी है ?**

ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री से भी ज्यादा मजबूत हमारी ऑफ-स्क्रीन केमिस्ट्री है. हम साथ में खाना खाते हैं, समय बिताते हैं, खूब बातें करते हैं और एक-दूसरे के साथ हर छोटी-बड़ी चीज शेयर करते हैं. धीरे-धीरे हम सभी के बीच इतना अच्छा रिश्ता बन गया है कि अब हम सिर्फ सह-कलाकार नहीं, बल्कि एक परिवार की तरह महसूस करते हैं।

**शूटिंग के दौरान सेट का माहौल कैसा था ?**

मैं शो के निमार्ताओं, निर्देशकों और पूरी टीम का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा. उन्होंने सेट पर ऐसा पारिवारिक माहौल बनाया कि कभी महसूस ही नहीं होता कि हम काम कर रहे हैं. सेट पर आकर बिल्कुल घर जैसा एहसास होता है।

**बरेली में शूटिंग का सबसे यादगार अनुभव क्या रहा ?**

मेरे लिए सबसे खास बात यह थी कि मेरे जन्मदिन के दिन ही मेरी शूटिंग शुरू हुई थी. मेरा बर्थडे बरेली में मनाया गया और उसी दिन मेरा पहला शूट था. इससे बेहतर याद मेरे लिए क्या हो सकती है. मैं उत्तर प्रदेश से हूं, इसलिए वहां के लोगों की गर्मजोशी और अपनापन मुझे बहुत करीब से महसूस हुआ. वहां का खाना भी मुझे बेहद पसंद आया।

**दर्शकों को आप क्या मैसेज देना चाहेंगे ?**

मैं सिर्फ इतना कहना चाहूंगा कि बरेली के बच्चन में आपको अपने घर, अपने पड़ोस या अपने रिश्तेदारों की झलक दिखाई देगी. यह कोई भारी-भरकम ड्रामा नहीं है, बल्कि जिंदगी के बेहद करीब एक कहानी है. हर उम्र का व्यक्ति इससे जुड़ाव महसूस कर सकता है. यह एक ऐसा शो है जो आपको हंसाएगा, भावुक करेगा और खूब मनोरंजन करेगा।

## ग्रीष्मकालीन कार्यशाला में 200 ने प्रतिभाग किया



लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, लखनऊ, संस्कृति विभाग, उ.प्र. द्वारा डिवाइन ग्लोरी पब्लिक स्कूल, पपनामऊ, चिनहट, लखनऊ के तत्वावधान में आज ग्रीष्मकालीन कार्यशाला के अंतर्गत बोधि-पथ कार्यशाला डिवाइन ग्लोरी पब्लिक स्कूल, चिनहट, लखनऊ में शुरू की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान उत्तरधौना, संदीप सिंह (रिंकू) उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ साथ ही मुख्य अतिथि को मोमेंटो एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में बताया अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, लखनऊ एवं संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित यह कार्यशाला प्रदेश के युवाओं एवं छात्र-छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करने की एक सराहनीय एवं प्रेरणादायक पहल है। कार्यशाला में बौद्ध दर्शन और पर्यावरण के गहरे संबंध को अत्यंत सारगर्भित ढंग से प्रस्तुत किया गया तथा भगवान बुद्ध के करुणा, अहिंसा, सह-अस्तित्व और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता जैसे सिद्धांतों पर प्रकाश डाला गया। यह आयोजन न केवल पर्यावरणीय चेतना को सुदृढ़ करने का माध्यम बना, बल्कि युवाओं को प्रकृति के साथ संतुलित एवं उत्तरदायी जीवन जीने की प्रेरणा भी प्रदान करता है। कार्यक्रम के पहले दिन शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं सहित लगभग 200 से अधिक लोगों ने प्रतिभाग किया ।

## गुरु पूर्णिमा 29 को, शहर में जगह-जगह होंगे विविध कार्यक्रम



अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** हर साल आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर गुरु पूर्णिमा मनाई जाती है। यह न केवल एक पर्व है, बल्कि अपने गुरुजनों के प्रति श्रद्धा भाव से कृतज्ञता व्यक्त करने का सर्वश्रेष्ठ अवसर है। शास्त्रों में इस पावन तिथि को आषाढ़ पूर्णिमा, व्यास पूर्णिमा और वेद व्यास जयंती के नाम से भी जाना जाता है। कहते हैं कि, आषाढ़ पूर्णिमा के दिन ही महर्षि वेद व्यास जी का जन्म हुआ था, जिन्होंने मानव जीवन को दिशा देने वाले चारों वेदों का ज्ञान व्यवस्थित रूप से दुनिया को दिया है। इसलिए उन्हीं के सम्मान में गुरु पूर्णिमा का आयोजन किया जाता है। पंचांग के अनुसार, इस साल पूर्णिमा तिथि की शुरूआत 28 जुलाई 2026 को शाम 6 बजकर 18 मिनट पर होगी। पूर्णिमा तिथि का समापन 29 जुलाई 2026 को रात 8 बजकर 5 मिनट पर माना जा रहा है। उदया तिथि के अनुसार, 29 जुलाई 2026 को ही गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा।

**गुरु पूर्णिमा के दिन क्या करें:** गुरु पूर्णिमा के दिन अपने गुरुओं के प्रति सम्मान व्यक्त करें। अपने गुरु या शिक्षक को सम्मान दें, उनका आशीर्वाद भी लें। इस शुभ अवसर पर ॐ गुरवे नमः का जाप करें। गुरु पूर्णिमा पर जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र व धन का दान करें। बच्चों में पुस्तकें

**गुरु पूर्णिमा का महत्व :** गुरु पूर्णिमा, एक प्रिय परंपरा है, जिसकी उत्पत्ति विभिन्न आध्यात्मिक शिक्षाओं में पाई जाने वाली अनेक कथाओं से हुई है। एक मान्यता के अनुसार, भगवान शिव इस दिन उन्होंने अपना ज्ञान लोगों के साथ साझा किया, जिससे वे पहले शिक्षक बन गए। एक अन्य कथा वेद व्यास के जन्म की है, जिन्होंने गुरु पूर्णिमा के दिन अपने चार शिष्यों को वेदों की शिक्षाएं दीं। बौद्ध धर्म में कहा जाता है कि बुद्ध ने सारनाथ में इसी दिन अपने अनुयायियों को अपना पहला उपदेश दिया था।

इसी प्रकार, जैन धर्म गुरु पूर्णिमा को उस दिन के रूप में मनाता है जब पूजनीय व्यक्तित्व महावीर को उनका पहला अनुयायी मिला था। गुरु पूर्णिमा का सार उन शिक्षकों का सम्मान करना है जो व्यक्तियों को अज्ञान से ज्ञान की ओर मार्गदर्शन करते हैं, और आध्यात्मिक विकास में ज्ञान और बुद्धि के महत्व को उजागर करते हैं। यह हमें सीखने की शक्ति की याद दिलाता है और विकास के साधन के रूप में ज्ञान साझा करने को प्रोत्साहित करता है। गुरु पूर्णिमा का महत्व केवल एक धार्मिक या आध्यात्मिक आयोजन तक ही सीमित नहीं है। यह एक सांस्कृतिक उत्सव बन गया है जो सामाजिक और धार्मिक सीमाओं से परे है। इस गुरुओं और मार्गदर्शकों को सम्मान देने के लिए एकजुट होते हैं। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि शिक्षक, अपनी विभिन्न भूमिकाओं में, हमारे जीवन पर कितना गहरा प्रभाव डालते हैं। गुरु पूर्णिमा का दिन शिक्षकों की उस मूलभूत भूमिका को स्वीकार करने के लिए समर्पित है जो न केवल व्यक्तियों बल्कि समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण होती है।

चाहे वह मंदिर दर्शन हो, आश्रमों में आशीर्वाद लेना हो या केवल हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करना हो, गुरु पूर्णिमा उन लोगों के प्रति हमारे ऋण को सामूहिक रूप से स्वीकार करने का अवसर प्रदान करती है जिन्होंने हमारे मन और भावनाओं को प्रकाशित किया है। यह उत्सव गुरु पूर्णिमा के महत्व को उजागर करता है, जो हमारे शिक्षकों, मार्गदर्शकों और सलाहकारों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का समय है, जो निस्वार्थ भाव से ज्ञान और बुद्धि प्रदान करते हैं और हमारे जीवन पथ और भाग्य को आकार देते हैं।

**गुरु पूर्णिमा की पूजा विधि:** दिन की शुरूआत स्नान करके और साफ कपड़े पहनकर करें। व्रत के लिए एक साफ-सुथरी वेदी या पवित्र स्थान तैयार करें। वेदी पर अपने गुरु का चित्र या मूर्ति रखें। एक दीपक और अगरबत्ती जलाएं। गुरु को फल, फल

## 27 अगस्त को लगेगा साल का दूसरा चंद्र ग्रहण

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** साल 2026 का दूसरा चंद्र ग्रहण अगस्त में लगेगा। यह खगोलीय घटना दुनिया के कई देशों में दिखाई देगी, लेकिन भारत में इसे देखा नहीं जा सकेगा। खास बात यह है कि यह बेहद गहरा आंशिक चंद्र ग्रहण होगा, जिसमें चंद्रमा का लगभग 96 फीसदी हिस्सा पृथ्वी की छाया से ढक जाएगा। इसी वजह से कई जगहों पर चंद्रमा लाल-नारंगी रंग का नजर आ सकता है। खगोलीय गणनाओं के अनुसार साल 2026 का दूसरा चंद्र ग्रहण 27-28 अगस्त को लगेगा। भारतीय समय के अनुसार यह घटना 28 अगस्त की सुबह होगी। यह एक गहरा आंशिक चंद्र ग्रहण होगा, जिसमें चंद्रमा का बड़ा हिस्सा पृथ्वी की गहरी छाया (अम्ब्रा) में रहेगा। यह चंद्र ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। ग्रहण के समय भारत में चंद्रमा क्षितिज के नीचे रहेगा। यही वजह है कि देश में इसे प्रत्यक्ष रूप से नहीं देखा जा सकेगा।

**किन देशों में दिखेगा ग्रहण:** यह चंद्र ग्रहण उत्तर और दक्षिण अमेरिका के अधिकांश हिस्सों, यूरोप और अफ्रीका के कई देशों में देखा जा सकेगा। इन क्षेत्रों में लोग चंद्रमा को पृथ्वी की छाया में जाते हुए देख पाएंगे।

**क्या भारत में सूतक काल मान्य होगा:** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार जिस स्थान पर ग्रहण दिखाई नहीं देता, वहां सामान्य तौर पर सूतक काल नहीं माना जाता। चूंकि यह चंद्र ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा, इसलिए अधिकांश पंचांगों के अनुसार यहां सूतक प्रभाव लागू नहीं होगा।

**यह चंद्र ग्रहण क्यों है खास:** इस ग्रहण में चंद्रमा का लगभग 96 प्रतिशत हिस्सा पृथ्वी की गहरी छाया में रहेगा। इसी कारण चंद्रमा का रंग लाल या तांबे जैसा दिखाई दे सकता है। खगोलविद इसे हाल के वर्षों के सबसे गहरे आंशिक चंद्र ग्रहणों में से एक मान रहे हैं।

**चंद्र ग्रहण कैसे लगता है:** जब पृथ्वी, सूर्य और चंद्रमा के बीच आ जाती है और उसकी छाया चंद्रमा पर पड़ती है, तब चंद्र ग्रहण होता है। यदि पूरा चंद्रमा छाया में आ जाए तो पूर्ण चंद्र ग्रहण और केवल कुछ हिस्सा छाया में आए तो आंशिक चंद्र ग्रहण कहा जाता है।

## संक्षेप

### शादी का झांसा देकर जेंडर बदलवाया फिर लूटा प्यार इज्जत और लाखों रुपये

सफीपुर, उन्नाव। परियर चौकी अंतर्गत एक गांव में बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है जहां शादी का झांसा देकर कथित तौर पर एक व्यक्ति ने पहले प्रेमजाल में फंसाया फिर लाखों रुपये ऐंठ लिए और जेंडर परिवर्तन कराने का दबाव बनाया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया जबरन अप्राकृतिक संबंध बनाए और शादी का वादा कर दिल्ली के अस्पताल में जेंडर परिवर्तन की सर्जरी भी करवाई। इसके बाद भी आरोपी ने कथित रूप से उसे छोड़ दिया और पैसे लेकर फरार हो गया। इतना ही नहीं पीड़िता का दावा है कि आरोपी पहले से शादीशुदा है और कई अन्य महिलाओं को भी इसी तरह धोखा दे चुका है। शिकायत लेकर जब पीड़िता आरोपी के घर पहुंची तो उसके साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी दिए जाने का भी आरोप है। पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### घर में घुसकर महिलाओं के साथ की मारपीट वीडियो वायरल


उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पड़री कलां में घर में घुसकर महिलाओ के साथ मारपीट अभद्रता करने का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल रहा।पीड़ित ने थाने में शिकायतीपत्र दिया है अचलगंज थाना क्षेत्र के नेवरना चौकी अंतर्गत ग्राम पड़री कलां निवासी केशन लोध ने बताया कि शनिवार सुबह घर के पुरुष बाहर होने से घर में केवल महिलाएं मौजूद थीं। इसी दौरान गांव के दो लोग दरवाजे पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ प्रहार कर दरवाजा तोड़ अन्दर प्रवेश कर गए। आरोप है कि महिलाओं के साथ मारपीट किया।जिसमें उनका मंगलसूत्र भी टूट गया।घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल रहा। हालांकि अमन लेखनी समाचार पत्र ऐसे किसी वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

### सगाई हो जाने के बाद शादी करने से किया इंकार दर्ज हुआ मुकदमा

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत सगाई हो जाने के बाद शादी तोड़ देने पर पीड़िता के द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।थाना क्षेत्र के गाँव मिल्लीपुर निवासिनी रिंकी देवी पुत्री श्रीकृष्ण ने तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी राजेश उर्फ सोनू पुत्र स्व० श्यामलाल निवासी टीचर्स कालोनी थाना फतेहपुर जनपद फतेहपुर के साथ तय हुई थी, राजेश उर्फ सोनू रेलवे में चतुर्थ श्रेणी का कर्मचारी है। उसकी सगाई बरीक्षा 23 मार्च हो चुकी है। इसी जुलाई माह में शादी तय थी परन्तु लड़के पक्ष के द्वारा अब शादी करने से इनकार कर दिया गया है।जिससे उसे 5 लाख की क्षति हुई है। दहेज स्विफ्ट डिजायर गाड़ी 5 लाख नगद के रूप में अतिरिक्त मांगा गया जो वह देने में असक्षम है। शादी की बात करने पर उन लोगों द्वारा मेरे घर पर आकर जान से मारने की धमकी व गाली गलौज किया जाता है। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि तहरीर में नामित राजेश पर दहेज एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# विद्युत विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से विद्युत व्यवस्था धड़ाम

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। सोनिक सबस्टेशन से बना चमरौली द्वितीय फीडर के गाँव मे बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से विद्युत व्यवस्था धड़ाम है। एक संविदा लाइनमैन के सहारे आधा दर्जन गाँव व इसके 40 मजरे शनिवार देर शाम फाल्ट सही न होने से अंधेरे में हैं।जिसको लेकर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दिलीप सिंह की अगुवाई में दोपहर आधा दर्जन उपभोक्ता पावर हाउस पहुँचकर जे ई व एसडीओ से वार्ता कर आपूर्ति दुरुस्त कराने की मांग की है।सोनिक सबस्टेशन से बने चमरौली द्वितीय फीडर में चांदपुर, ओरहर, जमुका, रायपुर बुजुर्ग, दुआ ,तारगांव व बख्खाखेड़ा सहित इसके तीन दर्जन मजरों में एक संविदा लाइनमैन के सहारे बिजली आपूर्ति फाल्ट होने पर ठीक करने में 24 घण्टे बाद भी बिजली नही मिल पा रही है। शुक्रवार शाम बारिश के दौरान बिजली फाल्ट हो गयी।जिसके चलते पूरी रात उपभोक्ता उमस से परेशान रहे। शनिवार दोपहर आपूर्ति ठप होने से ओरहर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दिलीप सिंह की अगुवाई में आधा दर्जन उपभोक्ता पॉवर हाउस पहुँचकर जे ई रणवीर सिंह यादव व एसडीओ से बदहाल विद्युत व्यवस्था में सुधार करने की मांग की। उपभोक्ताओं में चुन्नू त्रिवेदी, हरिकरन सिंह, रामबहादुर सिंह सिंह,गोपाल,पुनीत ,शत्रोहन सहित अन्य उपभोक्ताओं ने बताया शुक्रवार शाम 5 बजे हल्की बारिश से बिजली गुल हो गयी।उसके बाद 24 घण्टे गुजर गए लाइनमैन फाल्ट ठीक नही कर सका। उपभोक्ताओं ने रात को जे ई रणवीर सिंह को इसकी जानकारी दी।उन्होंने आश्वासन दिया फाल्ट ठीक होने के बाद आपूर्ति चालू कर दी जाएगी।पूरी रात उपभोक्ता हांथ पंखे के सहारे उमस भरी गर्मी में रात गुजारना पड़ा। उपभोक्ताओं का कहना है आधे घण्टे की बारिश भी नही हुई तब 24 घण्टे से आपूर्ति ठप है। जब लगातार बारिश होगी बिजली आपूर्ति कैसे ठीक हो पाएगी। उपभोक्ताओं ने चेतावनी दी है बरसात के पहले विभाग द्वारा हाइटेंशन लाइन के तारो के पास से पेड़ो की कटाई विभाग नही करवा सका जिससे हवा व बारिश में तार पेड़ो से टकराकर फाल्ट बन जाता है। जिसका खामियाजा उपभोक्ताओं को झेलना पड़ रहा है अगर पेड़ो की कताई का काम नही कराया गया तो सम्बंधित उच्चाधिकारियों की चौखट पर घेराव किया जाएगा।उपभोक्ता रामकिशोर व जाकिर ने बताया बिजली आपूर्ति ठप होने से हांथ पंखे के सहारे चिलचिलाती गर्मी में रात गुजारना पड़ा। पीने के पानी को लेकर भी दिक्कत उठाना पड़ रहा है।

*चमरौली द्वितीय फीडर में गुरुवार रात भी 11 बजे आपूर्ति ठप हो गयी,उपभोक्ताओं का कहना कि इस फीडर का हालत बदहाल है, मौसम बिगड़ते ही आपूर्ति ठप कर दी जाती है।फाल्ट बताकर पूरा दिन लाइट नही मिल पाती है।*

# कंटेनर व डंपर की आमने सामने भिड़ंत चालक परिचालक घायल

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के लखनऊ बांगरमऊ मार्ग कंटेनर डम्पर की आमने सामने भिंडत में डम्पर चालक व खलासी गभींर रुप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टर ने चालक की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया जबकि कंटेनर चालक मौके से भाग निकला पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है।कानपुर नगर के घाटम पुर पतारा निवासी डम्पर चालक जावेद पुत्र साबिर खलासी श्रीकांत के साथ हसनगंज से वापस उन्नाव लौट रहा था इसी बीच बाबा खेडा गांव के पास बांगरमऊ की ओर से यमाहा कम्पनी की बाइक लाद कर लखनऊ की ओर जा रहे कंटेनर से आमने सामने हुई भिंडत में कंटेनर के परखच्चे उड गए दुर्घटना के बाद कंटेनर चालक मौके से भाग निकला जबकि डम्पर चालक जावेद व खलासी श्रीकांत को मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने चालक जावेद की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर जबकि खलासी का सीएचसी पर इलाज चल रहा है घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल कर रही है।

# विद्युत करंट की चपेट से किसान की हुई मौत

**अमन लेखनी समाचार**



सुमेरपुर, उन्नाव।बिहार थाना क्षेत्र के हुलासीखेड़ा मे बिजली की करेंट लगने से किसान की मौत हो गई । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया । थाना क्षेत्र के गांव हुलासीखेड़ा निवासी किसान रामपाल 63 पुत्र बुद्धू शनिवार सुबह अपने खेत मे पानी सिंचाई करने के लिए गया था ।खेत मे लगे समरसेबल स्टार्ट करते समय प्लाग का तार खुला होने के कारण करेंट की चपेट मे आ गया ।परिजन उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर ले गये , जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का कब्जे मे कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया ।मृतक खेती किसानी का काम करता था । मृतक के दो बेटे रतीपाल व अनिल कुमार है ।घटना से पत्नी रामरती का रो रो कर बुरा हाल है । थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है ।जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी ।

# पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई गई सड़क ने पहली बारिश में खोली पोल

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। अचलगंज मानसून की पहली बारिश ने पीडब्ल्यूडी द्वारा बनवाई गई सड़को की कलई खोल कर रख दी है। सड़को में पानी भर जाने से वह तालाब का रूप अख्तियार कर लिया है।जिससे कई गांवों के लोगो को आवागमन में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। विकास खंड सिकंदरपुर कर्ण के आजाद मार्ग से छेरिहा, जाने वाला तीन किमी मार्ग का एक वर्ष पूर्व लेपन कार्य हुआ था अभी पूरा साल ही बीता था कि पूरा मार्ग जर्जर होकर बड़े बड़े गड्ढों में तब्दील हो गया। दो दिनों से शुरू हुई मानसूनी बारिश ने तो पूरे मार्ग की कलई ही खोल दी है।पूरे मार्ग में पानी भर जाने से तालाब बन गया है लोग पानी मँझाकर आवागमन को मजबूर है गांव की महिला नेता गंगा देई बताती है कि बारिश से पूर्व ग्राम प्रधान से लेकर पीडब्ल्यूडी के जेई तक मार्ग ठीक करवाने की गुहार लगाई लेकिन किसी ने सुनवाई नहीं किया।आज आलम यह है कि 5000 की आबादी गंदा पानी मँझाकर आवागमन को मजबूर है सबसे बड़ी समस्या स्कूल जाने वाले नन्हे मुन्ने बच्चों को हो रही है कमोबेश यही हाल शुक्लापुर गडारी मार्ग , मानपुर से किशुनपुर मार्ग का है।जो कई महीनों से जर्जर पड़ी है। ग्रामीण इन मार्गों की दुर्दशा का मुख्य कारण ओवरलोड मिट्टी भरे डंपर का आवागमन बता रहे है।

# जहरीला कूड़ा तालाब में डाल कर मछली मारने का लगाया आरोप

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के गांव आसीवन तरफ पश्चिम निवासी सैफउर रहमान सफवी ने थाना पुलिस, डीएम, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य पालन विकास प्राधिकरण, क्षेत्रीय प्रदूषण बोर्ड सहित जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि स्वामित्व वाले तालाब गाटा संख्या 1214 गडहा तालाब में मछली पालन का कार्य 25 वर्षों से किया जा रहा है साथ ही 4 वर्ष से हैचरी का काम चल रहा है मछली पालन के साथ ब्रूडर इकट्ठा है जहां इसी थाना क्षेत्र के मुजफ्फरपुर सर्रा गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा तालाब के किनारे कचरा अपविष्ट फेका जा रहा है जिससे पानी जहरीला हो गया और बड़ी संख्या में मछली मर गयी साथ ही वातावरण दूषित हो रहा है पीडित द्वारा जब ऐसा करने से मना किया गया तो अभद्रता करता है और मनमानी कर रहा है प्रदूषित पानी हो जाने से ग्यारह लाख रुपये की आर्थिक क्षति हुई है इससे व्यावसाय में भारी नुकसान हुआ है इस सम्बंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने का आरोप डीएम को सौंपा ज्ञापन

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव।सहायक संभागीय परिवहन (एआरटीओ) कार्यालय में कथित तौर पर बिना प्रशिक्षण और फर्जी मेडिकल प्रमाणपत्रों के आधार पर बड़ी संख्या में ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए जाने के आरोप लगे हैं। इन आरोपों को लेकर छात्रसंघ बहाली मोर्चा ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उच्चस्तरीय जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर इस मामले में प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई, तो लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन शुरू किया जाएगा। छात्रसंघ बहाली मोर्चा के फाउंडर चेयरमैन अनस साहू के नेतृत्व में कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि एआरटीओ कार्यालय में बिना उचित प्रशिक्षण और फर्जी मेडिकल प्रमाणपत्रों के आधार पर विभिन्न श्रेणी के ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए जा रहे हैं।इससे सड़क सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। अनट्रेंड चालकों के कारण लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिनमें छात्रों समेत कई लोगों की जान जा रही है। संगठन का कहना है कि उन्नाव से कानपुर स्थित विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और कोचिंग संस्थानों तक प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र बसों, ऑटो और अन्य व्यावसायिक वाहनों से सफर करते हैं। यदि बिना प्रशिक्षण प्राप्त चालकों को लाइसेंस जारी किए जाते हैं, तो इससे यात्रियों, विशेषकर छात्रों की सुरक्षा पर प्रतिकूल असर पड़ता है।ज्ञापन में हाल ही में एआरटीओ कार्यालय में तैनात डेटा एंट्री ऑपरेटर शिव सिंह द्वारा लगाए गए आरोपों का भी उल्लेख किया गया। संगठन के अनुसार, शिव सिंह ने आरोप लगाया था कि बिना प्रशिक्षण और फर्जी मेडिकल प्रमाणपत्रों के आधार पर बड़े पैमाने पर ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए गए। उन्होंने एआरटीओ कार्यालय के कुछ अधिकारियों, कर्मचारियों तथा कुछ मोटर ड्राइविंग प्रशिक्षण स्कूल संचालकों पर भी गंभीर आरोप लगाए थे। साथ ही यह भी दावा किया था कि जेसीबी, क्रेन, हाइड्रा, रोड रोलर और ई-रिक्शा जैसे वाहनों के प्रशिक्षण की पर्याप्त व्यवस्था न होने के बावजूद प्रशिक्षण प्रमाणपत्र जारी कर लाइसेंस बनाए गए। संगठन ने यह भी बताया कि वर्ष 2024 में दो प्रशिक्षण स्कूल संचालकों द्वारा मानकों से अधिक प्रारूप-5 प्रमाणपत्र जारी करने का मामला भी सामने आया था। जांच में दोषी पाए जाने पर उनके लाइसेंस निरस्त किए गए, लेकिन संगठन का आरोप है कि इसके बाद व्यापक स्तर पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई और मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।छात्रसंघ बहाली मोर्चा ने जिलाधिकारी से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराकर जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों और संबंधित प्रशिक्षण स्कूल संचालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। संगठन का कहना है कि सड़क सुरक्षा से जुड़े ऐसे मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। वहीं एआरटीओ श्वेता वर्मा ने कहा आरोप निराधार है।

# गोवंशो के अंतिम संस्कार को लेकर भाकियू ने जिम्मेदारों की लापरवाही पर जताई

**अमन लेखनी समाचार**



पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र अंतर्गत थाना बारा सगवर के पंचायत भवन जगतपुर के सामने स्टेट हाइवे पर ओवरलोड अनियंत्रित डम्पर ने गाय को मारी जोरदार टक्कर गाय डंपर में फस गई लगभग 1 किलोमीटर तक घिसटती रही जब गाय की खाल छूट गई तब कंकाल नीचे गिरा और डम्पर तेज रफ्तार से निकल गया ।

घटना के 5 घंटे बीत जाने के बाद भी शासन व प्रशासन से कोई जिम्मेदार नहीं पहुंचा सुबह 10:00 डॉ. वृजेन्द्र प्रताप सिंह प्रदेश महासचिव भारतीय किसान क्रांति यूनियन किसान क्रांति सरकार ने अपने पदाधिकारियों के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर गौ माता का विधिवत अंतिम संस्कार किया ।

दूसरी घटना थाना बिहार अंतर्गत भगवंत नगर की है जहां तीन दिन से एक गोवंश दुर्घटना का शिकार होकर रोड पर 3 दिन से सड़ रहा था संगठन के पदाधिकारियों ने रोड से किनारे करवा कर विधिवत अंतिम संस्कार किया शासन व प्रशासन से कोई भी मदद नहीं मिली ना ही किसी ने फोन किया ना ही मौके पर पहुंचा । भारतीय किसान क्रांति यूनियन के पदाधिकारियों ने एक संवेदनशील और मानवीय पहल करते हुए दो बेसहारा गौवंशों का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार किया।

यूनियन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि पहला अंतिम संस्कार जगतपुर चौराहे पर किया गया, जबकि दूसरा गौवंश का संस्कार भगवंत नगर थाना क्षेत्र (बिहार) के अंतर्गत संपन्न हुआ।

इस दौरान भारतीय किसान क्रांति यूनियन के प्रदेश महासचिव डॉ. ब्रजेंद्र प्रताप सिंह 'राजू' और जिला अध्यक्ष अभिषेक पांडे ने प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। यूनियन का कहना है कि इन घटनाओं की सूचना समय रहते स्थानीय प्रशासन को दी गई थी, इसके बावजूद मौके पर कोई भी अधिकारी या कर्मचारी नहीं पहुँचा। इसे प्रशासन की घोर लापरवाही करार देते हुए यूनियन ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है।डॉ. ब्रजेंद्र प्रताप सिंह 'राजू' और जिला अध्यक्ष अभिषेक पांडे ने चेतावनी देते हुए कहा कि प्रशासन का यह उदासीन रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यूनियन ने स्पष्ट किया है कि यदि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोहराई गई, तो इसके गंभीर परिणाम होंगे और प्रशासन को इसकी भरपाई व मुआवजा देने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।इस सेवा कार्य के दौरान भारतीय किसान क्रांति यूनियन के मनोज शुक्ला, फुन्नी त्रिपाठी, शम्भू सिंह , अंकित सिंह, अमरेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

# महिला ने अपने ससुरालीजनो पर दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**अमन लेखनी समाचार**



सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत कोर्ट मैरिज उपरान्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने पर पीड़िता द्वारा दी गयी तहरीर पर पुलिस ने चार ससुराली जनों पर दहेज एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।थाना क्षेत्र के गाँव परसन्डा निवासिनी लवन्या पत्नी नीरज ने तहरीर में बताया कि वह मुम्बई में रहकर नौकरी करती थी वही पर नीरज भी साथ काम करता था नजदीकियां बढ़ती गई नीरज ने शादी करने का दबाब बनाया और मुझे महाराष्ट्र से लाकर तहसील बीघापुर में 20 अगस्त 2025 को कोर्ट मैरिज किया था। शादी के बाद मेरा पति व ससुर कन्हैयालाल सास प्रेमादेवी व नन्द शिवानी यह सभी लोग दहेज की माँग करने लगे बिना दहेज की शादी हमें मंजूर नहीं। रोज मुझे प्रताड़ित किया जाने लगा ।नीरज के पिता कन्हैया ने साजिश रचकर नीरज से कहा कि लवन्या को लेकर परदेश जाओ । नीरज मुझे बहाने से ले गया 6 जून को ट्रेन से ले गया और पानी पीने के बहाने स्टेशन पर उतर गया और लौट कर डिब्बे में नहीं आया यह नीरज गांव नहीं आया लेकिन वह पुनः वापस आ गई। नीरज के पिता ने कहा की मैं अपने लड़के की शादी कही और करूगां । थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि पति सास ससुर व नंद पर पर दहेज एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# कार सवार युवकों ने रिक्शा चालक को जमकर पीटा

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव।गदनखेड़ा बाईपास पर शुक्रवार रात एक रिक्शा चालक को कार सवार युवकों ने बेरहमी से पीटा। आरोपी अपनी कार छोड़कर मौके से फरार हो गए। इस घटना से गुस्साए स्थानीय लोगों ने कार में तोड़फोड़ की और हंगामा किया। सूचना मिलने पर पुलिस ने स्थिति को संभाला। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गदनखेड़ा बाईपास पर कार सवार युवकों और रिक्शा चालक के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। विवाद बढ़ने पर कार सवारों ने रिक्शा चालक को सड़क पर ही पीटना शुरू कर दिया। मारपीट होते देख आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। भीड़ बढ़ती देख आरोपी अपनी कार मौके पर छोड़कर फरार हो गए। इससे आक्रोशित लोगों ने कार के शीशे तोड़ दिए और उसमें तोड़फोड़ की। इस घटना से क्षेत्र में कुछ देर के लिए तनाव का माहौल बन गया था।सूचना मिलते ही सदर कोतवाली पुलिस और ललऊखेड़ा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लोगों को शांत कराया और क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में लेकर थाने भेज दिया। पुलिस ने घायल रिक्शा चालक से भी घटना के संबंध में जानकारी ली है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। कार के नंबर के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश देखा गया। उन्होंने कहा कि सरेराह ऐसी घटनाओं से आम लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ती है। लोगों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# जर्जर मकान का गिरा छज्जा दो लोग घायल

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। एक जर्जर मकान का छज्जा गिरने से दो लोग घायल हो गए। इस घटना के बाद नगर पालिका प्रशासन सक्रिय हो गया है। शहर में बरसात के मौसम में संभावित हादसों को रोकने के लिए जर्जर और खतरनाक भवनों का विशेष सर्वे अभियान शुरू किया गया है। नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि सर्वे के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है। यह टीम वार्डवार पुराने मकानों, व्यावसायिक भवनों और लंबे समय से बंद पड़े भवनों का निरीक्षण कर रही है। टीम भवनों की दीवारों में दरारें, झुके हुए हिस्से, कमजोर छत और जर्जर छज्जों जैसी संरचनात्मक कमियों की जांच कर रही है।डॉ. राजेश कुमार के अनुसार, गिरने की अधिक आशंका वाले भवनों को चिन्हित कर उनकी सूची तैयार की जाएगी। मुख्य मार्गों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों के पास स्थित जर्जर भवनों पर प्राथमिकता से कार्रवाई होगी। आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षा बैरिकेडिंग लगाकर लोगों की आवाजाही भी नियंत्रित की जाएगी, ताकि जनहानि रोकी जा सके।नगर पालिका प्रशासन ने शहरवासियों से सहयोग की अपील की है। अधिकारियों ने कहा कि यदि किसी क्षेत्र में कोई भवन अत्यधिक जर्जर अवस्था में है, तो उसकी सूचना तत्काल नगर पालिका कार्यालय को दें। बरसात के दौरान ऐसे भवनों के आसपास अनावश्यक रूप से खड़े होने से बचें और किसी भी आपात स्थिति की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें।अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि सर्वे अभियान सभी वार्डों में चरणबद्ध तरीके से पूरा होगा। सर्वे रिपोर्ट के बाद खतरनाक भवनों की सूची सार्वजनिक की जाएगी। भवन स्वामियों को नोटिस जारी कर नियमानुसार मरम्मत, सुरक्षा उपाय या ध्वस्तीकरण जैसी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। नगर पालिका का मुख्य उद्देश्य बरसात में जर्जर भवनों से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकना है।

## नाली के पानी के विवाद को लेकर महिला को पीटा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में नाली में पानी बहाने को लेकर हुए विवाद में पड़ोसियों ने एक महिला को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। घायल महिला को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। यह घटना थाना क्षेत्र के गांव मिठू खेड़ा की है। गांव निवासी विजयी पुत्र नन्हक्के उर्फ दीना ने आसीवन पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के अनुसार, शुक्रवार देर रात सड़क किनारे बनी नाली में बरसात का पानी बहाने को लेकर पड़ोसियों से कहासुनी हो गई थी। कहासुनी बढ़ने पर महिलाओं सहित चार लोगों ने मिलकर ज्योति पत्नी बिमलेश को लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल ज्योति को उनके पिता विजयी के साथ बोलेरो से मियागंज सीएचसी पहुंचाया। सीएचसी में डॉ. अभिषेक कटियार द्वारा ज्योति का उपचार किया जा रहा है। आसीवन थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## सम्पादकीय

# तनाव के बाद राहत की नई शुरुआत

खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव ने न केवल वैश्विक शांति बल्कि अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित किया। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल, आपूर्ति बाधित होने की आशंका और बढ़ती महंगाई ने आम लोगों की चिंताएं बढ़ा दी थीं, लेकिन अब हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं और इसके साथ राहत के संकेत भी दिखाई देने लगे हैं। एक जुलाई से लागू हुए कई बदलाव यह भरोसा दिलाते हैं कि संकट के बाद बेहतर दौर की शुरुआत संभव है। इसे तनाव के बाद राहतों की नई शुरुआत माना जा रहा है। सबसे बड़ी राहत ऊर्जा क्षेत्र से मिली है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें घटकर करीब 73 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई हैं। इसका असर भारत में भी दिखाई देने लगा है। निजी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी नायरा एनर्जी ने पेट्रोल 5 रुपये और डीजल 3 रुपये प्रति लीटर सस्ता कर दिया है। यह केवल कीमतों में कमी नहीं, बल्कि यह संदेश भी है कि वैश्विक परिस्थितियां सामान्य होने का लाभ अब आम उपभोक्ता तक पहुंचने लगा है। अब उम्मीद की जा सकती है कि यदि कच्चे तेल की कीमतें इसी तरह नियंत्रित रहीं तो अन्य तेल कंपनियां भी जल्द राहत देने की दिशा में कदम बढ़ाएंगी। महंगाई पर नियंत्रण की दिशा में एक और सकारात्मक खबर कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में औसतन 180 रुपये की कमी है। इससे होटल, रेस्तरां और छोटे कारोबारियों की लागत घटेगी। यदि यह लाभ ग्राहकों तक पहुंचता है तो बाहर खाना, छोटी-बड़ी कैटरिंग और कई सेवाएं अपेक्षाकृत सस्ती हो सकती हैं। डीजल भरवाने की दैनिक सीमा हटने से परिवहन और उद्योग जगत को भी राहत मिलेगी, जिससे माल ढुलाई सुचारू होगी और बाजार में वस्तुओं की उपलब्धता बेहतर बनेगी। इसी बीच प्रकृति ने भी राहत का संदेश दिया है। मानसून ने देश के अधिकांश हिस्सों में दस्तक दे दी है। अच्छी बारिश किसानों के चेहरों पर मुस्कान लेकर आती है। खेतों में हरियाली बढ़ती है, फसल की उम्मीद मजबूत होती है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलती है। कृषि उत्पादन अच्छा रहने पर खाद्य महंगाई पर भी नियंत्रण रखने में मदद मिलती है। ऐसे में बारिश और ईंधन क्षेत्र से मिली राहत मिलकर अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक माहौल तैयार कर सकती है। हालांकि पासपोर्ट शुल्क में बढ़ोतरी और बिना टिकट यात्रा पर जुर्माना बढ़ना कुछ लोगों की जेब पर असर जरूर डालेगा, लेकिन व्यापक तस्वीर देखें तो एक जुलाई कई ऐसे बदलाव लेकर आया है जो अर्थव्यवस्था और आम जनजीवन में सकारात्मक संकेत दे रहे हैं। संकट के दौर के बाद ऐसे छोटे-छोटे कदम ही लोगों में विश्वास जगाते हैं कि हालात सुधर रहे हैं। भारत ने हमेशा कठिन परिस्थितियों का सामना धैर्य और संतुलन से किया है। आज भी दुनिया जब भू-राजनीतिक चुनौतियों से जूझ रही है, तब राहत के ये संकेत केवल आर्थिक आंकड़े नहीं, बल्कि उम्मीद के प्रतीक हैं। यदि वैश्विक शांति बनी रहती है, कच्चे तेल की कीमतें नियंत्रित रहती हैं और मानसून अनुकूल रहता है, तो आने वाले महीनों में महंगाई पर और लगाम लग सकती है तथा आर्थिक गतिविधियां नई रफ्तार पकड़ सकती हैं। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि यदि ईंधन की कीमतों में और कमी आती है, महंगाई नियंत्रित रहती है और कृषि उत्पादन बेहतर होता है, तो यह केवल अस्थायी राहत नहीं, बल्कि आर्थिक मजबूती की नई शुरुआत साबित हो सकती है। आखिरकार किसी भी नीति की सफलता का सबसे बड़ा पैमाना यही है कि उसका लाभ आम आदमी की थाली, जेब और जीवन में कितना दिखाई देता है।



कोर्ट का फैसला

प्रमोद भार्गव

# इस्लाम धर्म अपनाने पर आरक्षण नहीं

**अदालत ने कहा कि धर्म बदलने वाला व्यक्ति 'पिछड़ा वर्ग मुस्लिम' का दर्जा मांगने का अधिकार नहीं रखता है। क्योंकि मुस्लिम समाज में भी अलग-अलग समुदाय और वर्ग होते हैं, परंतु उनकी पहचान जन्म से तय होती है न कि धर्म परिवर्तन से ? अदालत ने यह भी कहा कि इस्लामिक उपदेशक और ईसाई मिशनरियां सदियों से यह प्रचार करती आई हैं कि उनके धर्मों में सामाजिक समानता है, जबकि हिंदू धर्म में जाती व्यवस्था एक बुनियादी विसंगति है। अतएव धर्म परिवर्तन के लिए ऐसा रुख अपनाने के बाद यह कहना बेमानी है कि इस्लाम में भी ऊंच-नीच या वर्गभेद है। अतएव ऐसे उपाय हाशिए पर पड़े समुदायों के उत्थान के उद्देश्य के तहत आरक्षण नीतियों की मूल भावना के विपरीत हैं।**

उच्च न्यायालय मद्रास ने तमिलनाडु सरकार के उस अहम आदेश को रद्द कर दिया, जिसके तहत हिंदू धर्म के पिछड़े, अति पिछड़े या अनुसूचित जाति वर्ग के लोग इस्लाम अपनाने के बाद भी 'पिछड़े वर्ग मुस्लिम' का जाति प्रमाण पत्र ले सकते थे। सरकारी नौकरी और शिक्षा में आरक्षण पा लेने की इस सुविधा को न्यायालय ने दो टूक शब्दों में असंवैधानिक माना है। अदालत ने कहा कि धर्म बदलने वाला व्यक्ति 'पिछड़ा वर्ग मुस्लिम' का दर्जा मांगने का अधिकार नहीं रखता है। क्योंकि मुस्लिम समाज में भी अलग-अलग समुदाय और वर्ग होते हैं, परंतु उनकी पहचान जन्म से तय होती है न कि धर्म परिवर्तन से ? अदालत ने यह भी कहा कि इस्लामिक उपदेशक और ईसाई मिशनरियां सदियों से यह प्रचार करती आई हैं कि उनके धर्मों में सामाजिक समानता है, जबकि हिंदू धर्म में जाती व्यवस्था एक बुनियादी विसंगति है। अतएव धर्म परिवर्तन के लिए ऐसा रुख अपनाने के बाद यह कहना बेमानी है कि इस्लाम में भी ऊंच-नीच या वर्गभेद है।

हमारी राय में कुछ मुस्लिम समुदायों को पिछड़ा और कुछ को अगड़ा मानना कुरान की शिक्षाओं के खिलाफ है। दरअसल इस्लाम एक ऐसा समाज बनाना चाहता है, जिसमें सब का दर्जा एक समान रहे। यह ऐतिहासिक फैसला न्यायामूर्ति जीआर स्वामीनाथन और पीबी बालाजी की पीठ ले दिया है। इस मामले में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने तमिलनाडु सरकार के तीन मार्च 2024 के आदेश को आधार बनाया था। इसमें आरक्षित श्रेणियों से धर्मांतरित लोगों को तमिलनाडु में अधिसूचित सात पिछड़े वर्ग के मुस्लिम समूहों में से एक से संबंधित होने का सामुदायिक प्रमाण-पत्र जारी किया जा सकता था। सरकार ने अपने आदेश में यह प्रावधान किया था कि अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग या डी-नोटिफाइड समुदायों से आने वाले व्यक्ति यदि इस्लाम धर्म अपनाते हैं तो उन्हें पिछड़ा वर्ग मुस्लिम की क्षेणी में आरक्षण का लाभ दिया जा सकता है। इस सिलसिले में सरकार का तर्क था कि धर्म परिवर्तन करने वाले लोगों के अधिकार सुरक्षित रहेंगे और सामाजिक संतुलन बना रहेगा, किंतु अदालत ने कहा कि आरक्षण का आधार धर्म नहीं, बल्कि सामाजिक और शैक्षिक पिछड़ापन है। इसी से मिलती-जुलती प्रकृति के एक एक मामले में फैसला देते हुए सर्वोच्च न्यायालय कह चुका है कि बिना किसी वास्तविक आस्था के केवल आरक्षण के लाभ हेतु किया गया धर्म परिवर्तन संविधान के साथ धोखाधड़ी है। सी सेल्वरानी की याचिका पर 26 नवंबर 2024 को फैसला सुनाते हुए, मद्रास उच्च न्यायालय के 24 नवंबर के उस फैसले को बरकरार रखा, जिसमें ईसाई धर्म अपना चुकी एक महिला को अनुसूचित जाति प्रमाण-पत्र देने से इनकार कर दिया गया था। महिला ने बाद में आरक्षण के तहत रोजगार का लाभ प्राप्त करने के लिए हिंदू होने का दावा किया था, लेकिन इस पीठ ने फैसले में साफ किया कि कोई व्यक्ति किसी अन्य धर्म को तभी अपनाता है, जब वह वास्तव में उसके सिद्धांतों और धर्म आधारित आध्यात्मिक विचारों से प्रेरित होता है। यदि धर्म परिवर्तन का मकसद दूसरे धर्म में वास्तविक आस्था होने की बजाय आरक्षण का लाभ प्राप्त करना है तो इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि ऐसी गलत इच्छा रखने वाले लोगों को आरक्षण



का लाभ देने से आरक्षण नीति के सामाजिक व्यवहार को क्षति पहुंचेगी। बावजूद सेल्वरानी हिंदू होने का दावा करती है और नौकरी के लिए अनुसूचित जाति का प्रमाण-पत्र मांगती है, तब यह दोहरा दावा अस्वीकार्य है। साफ है, वह ईसाई धर्म अपनाने के बावजूद एक हिंदू के रूप में अपनी पहचान नहीं बनाए रख सकती हैं। संविधान के तीसरे अनुच्छेद, अनुसूचित जाति आदेश 1950 जिसे प्रेसिडेंशियल ऑर्डर के नाम से भी जाना जाता है, के अनुसार केवल हिंदू धर्म का पालन करने वालों के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति को अनुसूचित जाति की श्रेणी में नहीं माना जाएगा। इसी तारतम्य में पिछले पचास सालों से दलित ईसाई और दलित मुसलमान संघर्षरत रहते हुए हिंदू अनुसूचित जातियों को दिए जाने वाले अधिकारों की मांग करते चले आ रहे हैं। वर्तमान में मुसलमान, सिख, पारसी, ईसाई और बौद्ध ही अल्पसंख्यक दायरे में आते हैं। जबकि जैन, बहाई और कुछ दूसरे धर्म-समुदाय भी अल्पसंख्यक दर्जा हासिल करना चाहते हैं। लेकिन जैन समुदाय केन्द्र द्वारा अधिसूचित सूची में नहीं है। इसमें भाषाई अल्पसंख्यकों को अधिसूचित किया गया है, धार्मिक अल्पसंख्यकों को नहीं। सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के मुताबिक जैन समुदाय को भी अल्पसंख्यक माना गया है, परंतु इन्हें अधिसूचित करने का अधिकार राज्यों को है, केंद्र को नहीं। इन्हीं वजहों से आतंकवाद के चलते अपनी ही पुश्तैनी जमीन से बेदखल कश्मीरी पंडित अल्पसंख्यक के दायरे में नहीं आ पा रहे हैं। मध्यप्रदेश में दिग्विजय सिंह की कांग्रेस सरकार के दौरान जैन धर्मावलंबियों को भी अल्पसंख्यक दर्जा दिया था, लेकिन अल्पसंख्यकों को दी जाने वाली सुविधाओं से ये आज भी वंचित हैं।

संविधान के अनुच्छेद-342 में धर्म परिवर्तन के संबंध में अनुच्छेद-341 जैसे प्रावधान में लोच है। 341 में स्पष्ट है कि अनुसूचित जाति (एससी) के लोग धर्म परिवर्तन करेंगे तो उनका आरक्षण समाप्त हो जाएगा। इस कारण यह वर्ग धर्मांतरण से बचा हुआ है। जबकि 342 के अंतर्गत संविधान निर्माताओं ने जनजातियों के आदि मत और पुरखों की पारंपरिक सांस्कृतिक आस्था को बनाए रखने के लिए व्यवस्था की थी कि अनुसूचित जनजातियों को राज्यवार अधिसूचित किया जाएगा। यह आदेश राष्ट्रपति द्वारा राज्य की अनुशंसा पर दिया जाता है। इस आदेश के लागू होने पर उल्लेखित अनुसूचित जनजातियों के लिए संविधान सम्मत आरक्षण के अधिकार प्राप्त होते हैं। इस आदेश के लागू होने के उपरांत भी इसमें संशोधन का अधिकार संसद को प्राप्त है। इसी परिप्रेक्ष्य में 1956 में एक संशोधन विधेयक द्वारा अनुसूचित जनजातियों में धर्मांतरण पर प्रतिबंध के लिए प्रावधान किया गया था कि यदि इस जाति का कोई व्यक्ति ईसाई या मुस्लिम धर्म स्वीकारता है तो उसे आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा, किंतु यह विधेयक पारित नहीं हो पाया है। अनुच्छेद 341 के अनुसार अनुसूचित जातियों के वही लोग आरक्षण के दायरे में हैं, जो भारतीय धर्म हिन्दू, बौद्ध और सिख अपनाने वाले हैं। गोया, अनुच्छेद-342 में 341 जैसे प्रावधान हो जाते हैं, तो अनुसूचित जनजातियों में धर्मांतरण की समस्या पर स्वाभाविक रूप से अंकुश लग जाएगा। अनुसूचित जातियों के परिप्रेक्ष्य में न्यायालय के इस फैसले ने साफ कर दिया है कि ईसाई या इस्लाम धर्मावलंबी बने अनुसूचित जाति के लोग केवल नौकरी के लिए फिर से धर्म परिवर्तन कर हिंदू नहीं बन सकते हैं। यह उपाय आरक्षण के मूल उद्देश्य के विरुद्ध होने के साथ संविधान के साथ धोखाधड़ी है। यह उपाय आरक्षण नीति के मौलिक समाजिक लक्ष्यों को कमजोर करता है। अतएव ऐसे उपाय हाशिए पर पड़े समुदायों के उत्थान के उद्देश्य के तहत आरक्षण नीतियों की मूल भावना के विपरीत हैं।

मंथन

ममता कुशवाहा




# आराम की दौड़ में आखिर सुरक्षा से समझौता क्यों

नोएडा के एक बहुमंजिला अपार्टमेंट में हाल ही में एयर कंडीशनर (एसी) में हुए विस्फोट से लगी आग ने एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि आधुनिक सुविधाएं यदि सावधानी के साथ न अपनाई जाएं तो वही जीवन के लिए बड़ा खतरा बन सकती हैं। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन आग पर काबू पाने में दमकल विभाग को कई घंटे लग गए। इससे पहले भी देश के विभिन्न शहरों में एसी फटने या उसमें शॉर्ट सर्किट से आग लगने की अनेक घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इन हादसों ने स्पष्ट कर दिया है कि केवल तकनीक पर भरोसा करना पर्याप्त नहीं, बल्कि उसके सुरक्षित उपयोग और मजबूत सुरक्षा व्यवस्था पर भी उतना ही ध्यान देना आवश्यक है। भीषण गर्मी के इस दौर में एयर कंडीशनर अब केवल विलासिता का साधन नहीं रह गया है। पहले जहां एसी केवल बड़े घरों, कार्यालयों या होटलों तक सीमित था, वहीं आज मध्यम वर्गीय परिवारों के घरों में भी यह आम जरूरत बन चुका है। लगातार बढ़ते तापमान और बदलती जीवनशैली ने एसी को रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा बना दिया है। लेकिन सुविधा का यह साधन तभी तक उपयोगी है, जब तक उसका उपयोग जिम्मेदारी और सावधानी के साथ किया जाए। जैसे-जैसे एसी का उपयोग बढ़ा है, वैसे-वैसे उससे जुड़ी दुर्घटनाओं की संख्या भी बढ़ी है।

यह स्थिति केवल व्यक्तिगत लापरवाही का परिणाम नहीं है, बल्कि इसमें तकनीकी खामियां, घटिया गुणवत्ता वाले उपकरण, अपर्याप्त रखरखाव और सुरक्षा मानकों की अनदेखी भी समान रूप से जिम्मेदार हैं। यदि समय-समय पर प्रशिक्षित तकनीशियन से एसी की जांच कराई जाए, गैस का स्तर देखा जाए और बिजली की वायरिंग की स्थिति पर ध्यान दिया जाए, तो अधिकांश हादसों को रोका जा सकता है। बढ़ती दुर्घटनाओं के पीछे एक और चिंता का विषय बाजार में उपलब्ध निम्न गुणवत्ता वाले उत्पाद हैं। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में कई कंपनियां कम कीमत पर उपकरण बेचने के लिए गुणवत्ता से समझौता कर लेती हैं। दूसरी ओर उपभोक्ता भी कम कीमत के लालच में बिना प्रमाणित उत्पाद खरीद लेते हैं। ऐसे उपकरणों में सुरक्षा मानकों का पालन नहीं होता और उनमें प्रयुक्त पुर्जे भी टिकाऊ नहीं होते। परिणामस्वरूप थोड़ी-सी तकनीकी खराबी भी बड़े हादसे का रूप ले सकती है। इसलिए उपभोक्ताओं को हमेशा प्रमाणित और भरोसेमंद कंपनियों के उत्पाद ही खरीदने चाहिए। यह समस्या केवल घरेलू स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि शहरी विकास और भवन निर्माण व्यवस्था से भी जुड़ी हुई है। आज महानगरों में ऊंची-ऊंची इमारतें तेजी से बन रही हैं, लेकिन उनमें अग्नि सुरक्षा के मानकों का पालन हमेशा संतोषजनक नहीं होता। परिणामस्वरूप छोटी-सी आग भी भयावह रूप धारण कर लेती है। दमकल विभाग की चुनौतियां भी कम नहीं हैं। देश के अनेक शहरों में संसाधनों और आधुनिक उपकरणों का अभाव है। ऊंची इमारतों तक पहुंचने वाली हाइड्रोलिक सीढ़ियां और उच्च क्षमता वाले अग्निशमन उपकरण पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं हैं। कई बार संकरी सड़कें, अवैध पार्किंग और अव्यवस्थित यातायात भी दमकल वाहनों के समय पर पहुंचने में बाधा बन जाते हैं। ऐसे में आग पर नियंत्रण पाने में देरी होती है और नुकसान कई गुना बढ़ जाता है। जलवायु परिवर्तन भी इस समस्या को और गंभीर बना रहा है।

हर वर्ष तापमान के नए रिकॉर्ड बन रहे हैं, जिससे एसी का उपयोग लगातार बढ़ रहा है। बिजली की मांग बढ़ने से विद्युत व्यवस्था पर भी अतिरिक्त दबाव पड़ता है। कई क्षेत्रों में पुरानी वायरिंग और ओवरलोड ट्रांसफार्मर दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ा देते हैं। इसलिए ऊर्जा अवसंरचना को भी समय के अनुरूप आधुनिक बनाना आवश्यक है, ताकि बढ़ती जरूरतों को सुरक्षित ढंग से पूरा किया जा सके। वास्तव में आधुनिक तकनीक का उद्देश्य जीवन को सरल और आरामदायक बनाना है, न कि उसे संकट में डालना। इसलिए सुविधा और सुरक्षा का संतुलन बनाए रखना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। नोएडा जैसी घटनाएं केवल समाचार नहीं हैं, बल्कि चेतावनी हैं कि यदि हम अभी भी नहीं चेते तो भविष्य में ऐसे हादसे और बढ़ सकते हैं।

## मन को स्थिर रखना ही जीवन का सूत्र



संकलित

दर्शन

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्र में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

## भक्ति का मतलब ये नहीं कि दुःख नहीं आएंगे



संकलित

प्रेरणा

महाभारत युद्ध के बाद का किस्सा है। पांडवों ने कौरवों को हरा दिया था और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। उस समय भीष्म पितामह बाणों की शय्या पर लेटे हुए थे और प्राण त्यागने के लिए सूर्य के उत्तरायण होने की प्रतीक्षा कर रहे थे। भीष्म के पूरे शरीर पर तीर लगे हुए थे। एक दिन श्रीकृष्ण पांडवों के साथ भीष्म से मिलने पहुंचे। श्रीकृष्ण ने भीष्म से कहा कि आप पांडवों को राजधर्म का ज्ञान दें, ताकि ये अपना राज-पाठ अच्छी तरह चला सके। बातचीत करते समय पांडवों ने देखा कि भीष्म पितामह की आंखों में आंसू आ गए थे। पांडवों को इस बात की हैरानी हुई कि भीष्म पितामह जैसे महारथी को भी मृत्यु का डर सता रहा है, इस वजह से इनकी आंखों में आंसु आ गए हैं। जबकि इन्हें तो इच्छामृत्यु का वरदान मिला हुआ है। पांडवों के मन की बात समझकर श्रीकृष्ण ने भीष्म पितामह से पूछा कि आपकी आंखों में आंसू क्यों हैं? श्रीकृष्ण का प्रश्न सुनकर भीष्म ने कहा कि आप तो सब कुछ जानते हैं, मैं पांडवों को भी बता देता हूं। मेरी आंखों में आंसू पांडवों को देखकर आ गए। पांडवों पुत्रों के साथ स्वयं श्रीकृष्ण साथ हैं। फिर भी इनके जीवन में लगातार दुख आते रहे। कदम-कदम पर पांडवों के जीवन में मुश्किलें आईं। इन्हें देखकर मुझे समझ आया कि अगर हमारे भगवान हैं, तब भी इसका मतलब ये नहीं है कि हमारे जीवन में दुख नहीं आएंगे। दुख तो आएंगे, लेकिन भगवान की मदद से हम दुखों का सामना पूरे साहस के साथ कर पाते हैं। भक्ति करेंगे तो भगवान हमें दुखों से लड़ने का साहस देंगे।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### साइबर सुरक्षा के लिए जनचेतना जरूरी

आज हमारे देश में साइबर फ्रॉड के मामले बहुत बढ़ गए हैं। इसके लिए जागरूकता अभियान बहुत जरूरी है। साइबर सुरक्षा के लिए इन बातों पर ध्यान रखना जरूरी है। एसएमएस या व्हाट्सएप पर आए किसी भी अनजान लिंक को न खोलें। किसी को भी ओटीपी या अपने इंटरनेट बैंकिंग की डिटेल न दें। केवाईसी के नाम पर भी साइबर फ्रॉड हो सकता है। इसके लिए बैंक से संपर्क करें। आजकल तो ई-चालान, बिजली बिल भरने के नाम पर धोखाधड़ी के मैसेज आ रहे हैं, इनसे भी सावधान रहें। अपने नेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग के पासवर्ड और पिन बदलते रहें। हालाकि सरकार ने साइबर धोखाधड़ी से बचने के अनेक उपाय किए हैं, लेकिन समूह समाज को भी सचेत रहना होगा।

*- मनीषा अग्रवाल, हिसार*

## करंट अफेयर

# अमेरिकी डाक सेवा दिवाली पर जारी करेगी डाक टिकट

अमेरिकी डाक सेवा (यूएसपीएस) ने दिवाली के त्योहार पर आधारित एक डाक टिकट जारी करने की घोषणा की है। यह टिकट इस वर्ष के अंत में जारी किया जाएगा। दिवाली के इस डाक टिकट पर ह्यूस्टन की कलाकार संगीता भूटाडा द्वारा बनाई गई रंगोली की आकृति है जिसकी तस्वीर बिनय दीक्षित ने ली थी। यूएसपीएस ने कहा कि रंगोली फर्श पर की जाने वाली एक खूबसूरत कलाकारी है जिसे पारंपरिक रूप से चावल के रंगीन पाउडर, चॉक और फूलों की पंखुड़ियों जैसी सामग्री से बनाया जाता है तथा इसे शुभ माना जाता है। यूएसपीएस के अनुसार, भूटाडा मूल रूप से भारत की रहने वाली हैं और लंबे समय से ह्यूस्टन क्षेत्र में रह रही हैं।




## ऑफ बीट

# कैसे साफ किया जा सकता है अंतरिक्ष में मौजूद कचरा

सत्तर साल पहले पृथ्वी का सिर्फ एक ही प्राकृतिक उपग्रह था-चंद्रमा। आज पृथ्वी की परिक्रम कर रहे उपग्रहो की संख्या 15,000 से अधिक हो चुकी है, जिनमें से लगभग 10,000 एलन मस्क की कंपनी 'स्पेसएक्स' के हैं। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति मस्क की योजना 10 लाख और उपग्रह अंतरिक्ष में भेजने की है। इनमें से प्रत्येक की लंबाई लगभग 70 मीटर और चौड़ाई करीब 20 मीटर होगी तथा ये मिलकर अंतरिक्ष में डेटा केंद्रों के रूप में काम करने वाला एक विशाल उपग्रह समूह बनाएंगे। अंतरिक्ष कचरे से आशय पृथ्वी की कक्षा में मौजूद उन सभी वस्तुओं से है, जिनका अब कोई उपयोग नहीं रह गया है।



## ट्रेंड

### विजया मेहता को श्रद्धांजलि

दिग्गज अभिनेत्री और थिएटर डायरेक्टर विजया मेहता के निधन की खबर दिल तोड़ने वाली है। उन्हें मेरी भावभीनी श्रद्धांजलि। विजया ताई ने कई नाटकों और फिल्मों के जरिए अहम योगदान दिया।

- नितिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री



### इजराइल दौरा

हम इजराइल के रणनीतिक दायरे में और गहरे धंसते जा रहे हैं, जबकि दुनिया उससे तेजी से दूर हो रही है। प्रधानमंत्री का इजराइल दौरा एक हैरान करने वाले रणनीतिक फैसले के तौर पर इतिहास में दर्ज होगा।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस



### नई ईवी पॉलिसी

दिल्ली की नई ईवी पॉलिसी को आधिकारिक तौर पर गैजेट में नोटिफाई कर दिया गया है और यह अब लागू हो गई है। आज से, इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर खरीदने वालों को 30,000, थ्री-व्हीलर को 50,000 और एन1 कैटेगरी के हल्के कमर्शियल वाहनों के लिए 1 लाख की सब्सिडी मिलेगी।

-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली



### विकास का अगला चरण

इस साल असम में बिजली की अधिकतम मांग के 3,000 एमडब्ल्यू से ज्यादा होने की उम्मीद है, इसलिए हम राज्य को बिजली के मामले में सरप्लस बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम असम को विकास के अगले चरण के लिए तैयार कर रहे हैं।

- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम



## संक्षेप

### नहर किनारे मिला महिला का शव

**मानसिक रूप से अस्वस्थ थी, नशे में अक्सर घर से निकल जाती थी**

अमेठी , मोहनगंज थाना क्षेत्र में तिलोई नहर के पास आज सुबह एक महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की पहचान पाकड़गांव निवासी 45 वर्षीय गुड्डु पत्नी लल्लूराम के रूप में हुई है। सीओ दिनेश मिश्र ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ थी और नशे की आदी भी थी। वह अक्सर घर से बाहर निकल जाया करती थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीओ ने कहा कि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। फिलहाल, पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। मृतका के पिता मैकूलाल ने बताया कि गुड्डु पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान थी। पुलिस ने परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बारिश से पहले जलभराव रोकने की तैयारी तेज

**नगर पंचायत और तहसील प्रशासन ने शुरू किया नाला सफाई अभियान**

अमेठी ,मानसून से पहले जलभराव की समस्या से निपटने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। नगर पंचायत और तहसील प्रशासन ने संयुक्त रूप से नाला सफाई अभियान शुरू किया है। यह अभियान उप जिलाधिकारी (एसडीएम) पंकज मिश्रा के निर्देश पर चलाया जा रहा है। अभियान के तहत नगर पंचायत क्षेत्र की सभी छोटी-बड़ी नालियों की सफाई की जा रही है। जेसीबी मशीनों और दर्जनों सफाईकर्मियों की मदद से नालों से गाद, पॉलिथीन और अन्य कचरा निकाला जा रहा है, ताकि जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त किया जा सके।गौरतलब है कि हर साल मानसून के दौरान अमेठी नगर पंचायत क्षेत्र में भीषण जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है। बारिश का पानी उप जिलाधिकारी (एसडीएम) आवास, क्षेत्राधिकारी (सीओ) आवास, तहसील परिसर, कोतवाली और रजिस्ट्री कार्यालय सहित अधिकतर सरकारी कार्यालयों में भर जाता है। इससे आम जनता और अधिकारियों दोनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। एसडीएम पंकज मिश्रा ने बताया कि इस बार बारिश से पहले ही सभी नालों की सफाई पूरी कर ली जाएगी, ताकि जलभराव की समस्या से स्थायी निजात मिल सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए हैं। नगर पंचायत प्रशासन ने स्थानीय लोगों से भी अपील की है कि वे नालियों में कूड़ा-कचरा न डालें और सफाई व्यवस्था बनाए रखने में अपना सहयोग दें।

# पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी निभाएं आमजन: रामनिवास वर्मा

## कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा में आयोजित हुआ पौधरोपण कार्यक्रम

**अमन लेखनी समाचार**

**मिथिलेश जायसवाल**



बहराइच। कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा में वृक्षारोपण सप्ताह के अंतर्गत वृक्षारोपण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों सहित काफी संख्या में लोगों ने प्रतिभाग किया। वृक्षारोपण सप्ताह के क्रम में शनिवार को कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा पर वृक्षारोपण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा रहे। इसके साथ ही डीएफओ बहराइच सुंदरेशा, रेंजर नानपारा पीयूष गुप्ता, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. संदीप कुमार ने कार्यक्रम में शामिल आम जन के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्य अतिथि श्री वर्मा ने कहा कि सभी लोग पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी निभाएं।कार्यक्रम के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया तथा किसानों को फलदार पौधों का वितरण किया गया। वैज्ञानिकों द्वारा पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन में वृक्षों की भूमिका एवं कृषि वानिकी के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की गई। किसानों को खेतों की मेड़ों एवं खाली स्थानों पर अधिक से अधिक वृक्ष लगाने हेतु प्रेरित किया गया।इस अवसर पर डीएफओ सुंदरेशा द्वारा किसानों को कार्बन क्रेडिट योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि वृक्षारोपण एवं कृषि वानिकी को अपनाकर किसान पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ कार्बन संचयन में योगदान कर सकते हैं तथा भविष्य में कार्बन क्रेडिट जैसी योजनाओं से आर्थिक लाभ प्राप्त करने की संभावनाएं भी बढ़ सकती हैं।कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा पौधों के चयन, रोपण तकनीक, देखभाल एवं कृषि वानिकी आधारित आय वृद्धि के विषय में तकनीकी व्याख्यान दिए गए। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. पीके. सिंह, श्रीमती रेनू आर्य, उमेश कुमार, सुनील कुमार, संदीप कुमार गौतम सहित केंद्र के समस्त कर्मचारी, वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा भारी संख्या में क्षेत्रीय किसानों ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम के अंत में सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

# अपर कृषि निदेशक ने पीसीएफ गोदाम का किया औचक निरीक्षण

**दो दिवस में समितियों को अधिक से अधिक उर्वरक भेजने के दिये निर्देश**

**अमन लेखनी समाचार**

**मिथिलेश जायसवाल**



बहराइच। अपर कृषि निदेशक एलबी यादव द्वारा पीसीएफ गोदाम का औचक निरीक्षण करते हुए पीसीएफ गोदाम से समितियों को डीएपी एनपीके एवं यूरिया उर्वरक प्रेषण में देरी करने के लिए डीएस पीसीएफ एवं ए.आर. को-ऑपरेटिव को कड़ी फटकार लगाई गई। श्री यादव द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि अगले दो दिवस में अधिक से अधिक फास्फेटिक उर्वरक पीसीएफ गोदाम से समितियों को भेजना सुनिश्चित करें जिससे कृषको को उर्वरक मिलने में कोई समस्या ना हो।

अपर कृषि निदेशक श्री यादव ने उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा, जिला कृषि अधिकारी डॉ सूबेदार यादव, सहायक निबंधक एव सहायक सहायक आयुक्त सहकारिता देवेंद्र कुमार सिंह एवं डीएसपीसीएफ कमलेश कुमार, इफको प्रबंधक ओम प्रकाश मौर्य सहित अन्य अधिकारियों के साथ विभागीय योजना एवं कार्यक्रम तथा खाद एवं बीज की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि कृषकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकरियों को निर्देश दिया कि नियमित रूप से प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार उर्वरक का वितरण सुनिश्चित कराएं। बैठक के उपरान्त श्री यादव द्वारा गजपतिपुर गांव में यूपीएग्रीस योजना अंतर्गत डीएसआर विधि से धान की बुवाई के खेत का भी निरीक्षण किया गया।

# ट्रेन की चपेट में आने से व्यापारी की मौत

**अमेठी में लखनऊ-प्रतापगढ़ रेल ट्रैक पर हादसा, पुलिस ने शव पीएम को भेजा**

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी , लखनऊ-प्रतापगढ़ रेल ट्रैक पर एक व्यापारी की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह हादसा जरबंधन का पुरवा गांव के पास हुआ। कटरा कसारा गांव निवासी 65 वर्षीय राम आसरे जायसवाल आज सुबह बनारस-लखनऊ इंटरसिटी एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों ने बताया कि राम आसरे जायसवाल सुबह अपनी साइकिल से फेरी लगाने के लिए घर से निकले थे। जरबंधन का पुरवा के पास लखनऊ-प्रतापगढ़ रेल ट्रैक पार करते समय वह बनारस-लखनऊ इंटरसिटी एक्सप्रेस की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि उसी समय दूसरे ट्रैक पर एक मालगाड़ी गुजर रही थी, जिसके कारण उन्हें दूसरी ओर से आ रही इंटरसिटी ट्रेन का अंदाजा नहीं लग सका। मिश्रौली स्टेशन मास्टर जितेंद्र ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि राम आसरे की मौत इंटरसिटी एक्सप्रेस की चपेट में आने से हुई है। एसओ संजय सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान में ले लिया गया है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।इस स्थान पर अंडरपास बनाने की मांग लंबे समय से उठ रही है। तारापुर, चक्रधरपुर, गडेरियन का पुरवा और मिश्रौली सहित कई गांवों के ग्रामीण लगातार इसकी मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और अन्य लोग साइकिल से यह रेलवे ट्रैक पार करते हैं।

# प्रेमिका की मौत के बाद प्रेमी को मोतीपुर पुलिस ने भेजा जेल

**अमन लेखनी समाचार**



मोतीपुर, बहराइच। थाना मोतीपुर क्षेत्र में प्रेमी द्वारा प्रेमिका को आत्महत्या के लिए उकसाने के बाद हुई मौत के प्रकरण में मोतीपुर पुलिस ने कड़ी कार्यवाही की है और आरोपित व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मोतीपुर थाना क्षेत्र में युवती की मौत के मामले में पुलिस ने उसके प्रेमी को आत्महत्या के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मृतका की मां की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।थाना मोतीपुर के गुजरना गांव निवासी शेख शरीफ रजा का मिहींपुरवा कस्बे की 25 वर्षीय काजल से लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। पुलिस के अनुसर आरोप है कि प्रताड़ना और विवाद से आहत होकर काजल ने पुल से नहर में छलांग लगा दी।प्रेमी भी उसे बचाने के लिए नहर में कूदा, लेकिन तेज बहाव के कारण बाहर निकल आया, जबकि युवती पानी में बह गई। घटना के बाद मोतीपुर पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों, ग्रामीणों तथा एनडीआरएफ/एसडीआरएफ की टीम की मदद से घंटों तलाश अभियान चलाया, लेकिन सफलता नहीं मिली। मंगलवार सुबह घटना स्थल से करीब छह किलोमीटर दूर जोगिनिया पुल के पास युवती का शव उतराता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम और प्रारंभिक जांच के बाद मृतका की मां की तहरीर पर थाना मोतीपुर में मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर शनिवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी शेख शरीफ रजा (40) को मोतीपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी शादीशुदा है। दोनों के बीच लंबे समय से संबंध थे और वे करीब एक वर्ष पहले मुंबई भी गए थे। कुछ दिन पहले ही दोनों वापस लौटे थे। पुलिस पूरे घटनाक्रम और घटना से पहले की परिस्थितियों की गहनता से जांच कर रही है।थानाध्यक्ष आनंद चौरसिया ने बताया कि मृतका की मां की तहरीर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विवेचना में मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# 50 लाख के जेवरात चोरी का मामला

**10 दिन बाद भी खुलासा नहीं, पीड़ित ने एसपी से लगाई गुहार**

**अमन लेखनी समाचार**



सुल्तानपुर, गोसाईगंज थाना क्षेत्र में हुई 50 लाख रुपये की चोरी के मामले में पुलिस 10 दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लगा पाई है। इससे परेशान होकर पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई।यह घटना 21 जून को गोसाईगंज थाना क्षेत्र के हुसैनगंज इनायतपुर गांव निवासी अनवर पुत्र मोहम्मद वकील के घर हुई थी। अज्ञात चोरों ने उनके आवास से लगभग 50 लाख रुपये मूल्य के जेवरात और नकदी चुरा लिए थे। घटना के तुरंत बाद पीड़ित परिवार ने स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित अनवर ने बताया कि चोरी की इस बड़ी वारदात को 10 दिन बीत चुके हैं, लेकिन स्थानीय पुलिस द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई या प्रगति रिपोर्ट सामने नहीं आई है। परिवार लगातार थाने और संबंधित अधिकारियों के चक्कर काट रहा है, लेकिन उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला है। स्थानीय पुलिस की सुस्ती से परेशान होकर पीड़ित अनवर अपने परिवार के साथ सुल्तानपुर के पुलिस अधीक्षक से मिलने पहुंचे। पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र सौंपकर अपनी आपबीती सुनाई और मामले के जल्द खुलासे की मांग की। पीड़ित रुकसार अहमद ने बताया, ₹हमारी 21 तारीख को चोरी हुई थी, जिसमें करीब 50 लाख के जेवरात और नकदी चले गए। 10 दिन बीत जाने के बाद भी स्थानीय पुलिस की तरफ से कोई जानकारी नहीं मिली है।

आज हम कप्तान साहब से मिलने आए थे, उन्होंने हमें आश्वासन दिया है कि वह इस मामले को देखेंगे।

# चोरी के मामले में पुलिस की कार्यवाही पर पीड़ित परिवार ने उठाए सवाल

**परशुराम सेना ने निष्पक्ष जांच की किया मांग, पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप**

**अमन लेखनी समाचार**




शिवपुर, बहराइच।जिले के तहसील महसी अंतर्गत हरदी थाना क्षेत्र में दर्ज चोरी के एक मामले में नया मोड़ सामने आया है। जहां एक ओर पुलिस ने दो आरोपियों की गिरफ्तारी और चोरी का सामान बरामद करने का दावा किया है, वहीं दूसरी ओर एक आरोपी के परिजनों ने पुलिस की कार्यवाही पर गंभीर सवाल उठाते हुए इसे फर्जी कार्यवाही बताया है। खबर के मुताबिक हरदी थाना क्षेत्र के एडौरा वीरशाहपुर गांव निवासी रामावती देवी, पत्नी ननकऊ त्रिपाठी, ने आरोप लगाया कि करीब डेढ़ माह पूर्व हुई चोरी की घटना में उनके पति का नाम केवल शक के आधार पर दर्ज कराया गया था। बाद में शिकायतकर्ता और उनके परिवार के बीच आपसी सहमति से एक शपथ पत्र तैयार हुआ, जिसमें यह उल्लेख किया गया कि उनके पति का चोरी की घटना से कोई संबंध नहीं है। उनका दावा है कि यह समझौता पुलिस अधीक्षक कार्यालय के माध्यम से हुआ था। रामावती देवी का आरोप है कि समझौते के लगभग एक महीने बाद हरदी थाने के एक दारोगा ने उनसे पैसों की मांग की। पैसा न देने पर नाराज होकर उनके पति को चोरी के मुकदमे में फर्जी तरीके से शामिल कर जेल भेज दिया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके पति को थाने बुलाकर सुलहनामा पर हस्ताक्षर कराने की बात कही गई, लेकिन बाद में उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मामले को लेकर पीड़ित परिवार ने परशुराम सेना प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पंडित महेंद्रनाथ तिवारी को लिखित प्रार्थना पत्र देकर न्याय की मांग की है। महेंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि यदि लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं तो यह बेहद गंभीर मामला है। उन्होंने आरोप लगाया कि हरदी पुलिस का रवैया तानाशाहीपूर्ण और गैर-जिम्मेदाराना है तथा ब्राह्मण समाज को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परशुराम सेना प्रकोष्ठ पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है और मामले की निष्पक्ष जांच के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगा। हालांकि, पुलिस की ओर से इन आरोपों पर अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# असेंबली ऑफ गॉड चर्च स्कूल में 120 मरीजो का निशुल्क हेल्थ चेककप कैम्प आयोजित

**अमन लेखनी समाचार**



रूपईडीहा, बहराइच। युवाओं में तेजी से बढ़ रही ब्लड शुगर और हृदय संबंधी बीमारियों के खतरों को देखते हुए जैनस इनीशिएटिव्स संस्था के संस्थापक एवं हिन्द हार्ट इंस्टिट्यूट, बाराबंकी के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव ने ₹दिल से दिल तक₹ नाम से एक विशेष जागरूकता मुहिम की शुरूआत की है। इसी क्रम में ए जी सी स्कूल के प्रांगण में एक निःशुल्क हृदय जॉच शिविर का आयोजन किया गया।

निःशुल्क शिविर के दौरान डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव नेपाल से आए डॉ आसिम किदवई ,और डॉ. राहुल की टीम ने लगभग 120 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान मरीजों की निःशुल्क ब्लड शुगर और ईसीजी जाँच की गई तथा उन्हें आवश्यक चिकित्सा परामर्श दिया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य जैनिफर रैम्बल ने डॉ पंकज श्रीवास्तव एवं उनकी टीम की सराहना करते हुए कहा कि भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अक्सर अपने स्वास्थ्य को नजरअंदाज कर देते हैं, जो भविष्य में गंभीर बीमारियों का कारण बनता है। उन्होंने समय पर जाँच और उपचार को जीवन बचाने का सबसे सशक्त माध्यम बताया। वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज कुमार श्रीवास्तव ने लोगों को हृदय रोगों से बचाव के लिए जीवनशैली में सुधार का सुझाव दिया। उन्होंने कहा, ₹स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन कम से कम 45 मिनट व्यायाम या मॉर्निंग वॉक अनिवार्य है₹। साथ ही, भोजन में नमक, तेल और वसायुक्त मसालों का सेवन कम से कम करें।विद्यालय के प्रबंधक रॉय रैम्बल ने कहा कि आज के दौर में मधुमेह और हृदय रोग जैसी बीमारियाँ युवाओं को भी अपनी चपेट में ले रही हैं। उन्होंने जोर दिया कि शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी अत्यंत आवश्यक है। भविष्य में हर माह के पहले शनिवार को विद्यालय जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा प्रबंधन ने मुख्य और डॉ. पंकज श्रीवास्तव एवं डॉ आशिम किदवई को स्मृति चिन्ह पुष्पकुछ भेंटकर सम्मानित किया । कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के स्टाफ अंशुमान वर्मा ,योगेंद्र प्रसाद शुक्ला, अमित श्रीवास्तव, अभिषेक त्रिवेदी व जैनस इनिशिएटिव की टीम टेक्नीशियन राघवेन्द्र,रवि और हिंद इंस्टिट्यूट के पीआरओ पंकज सिन्हा, का विशेष सहयोग रहा।

# आकाशीय बिजली गिरने का अलर्ट

**किसानों को राहत; 24 घंटों में हुई 17.3 मिलीमीटर बारिश**

**अमन लेखनी समाचार**



सुल्तानपुर,मानसून के दूसरे दिन शाम 4 बजे तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हुई। जिला प्रशासन ने गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।इस बारिश से किसानों और आम लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार, 0.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जबकि हवा की रफ्तार 14 किलोमीटर प्रति घंटा रही। विभाग ने अगले 24 घंटों में जिले में 17.3 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की है। रात में भी कम बारिश की संभावना है, जिसमें 1.2 मिलीमीटर तक वर्षा और 7-11 किलोमीटर प्रति घंटा की हवा की गति का अनुमान है। कूरेभार क्षेत्र में करीब 4 बजे हुई 30 मिनट की मूसलाधार बारिश से किसानों को राहत मिली। किसानों का मानना है कि यह बारिश खेती-किसानी को गति देगी। धनपतगंज और लंभुआ में भी बारिश दर्ज की गई है। हालांकि, पहली ही बारिश ने शहर की साफ-सफाई व्यवस्था के दावों की पोल खोल दी। जगह-जगह जलभराव और कीचड़ देखने को मिला, वहीं कई वार्डों में नाले ओवरफ्लो होने से गलियां तालाब बन गईं। गौरतलब है कि हुई बारिश के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो वृद्धों की मौत हो गई थी और बच्चों सहित आठ लोग झुलस गए थे।

# टीईटी परीक्षा, शहर की सड़कों पर जाम

**परीक्षार्थियों को हुई भारी परेशानी, यातायात व्यवस्था प्रभावित**

**अमन लेखनी समाचार**

प्रतापगढ़ , शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के पहले दिन शहर की सड़कों पर भीषण जाम लग गया। परीक्षा केंद्रों की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं। इस जाम के कारण बड़ी संख्या में परीक्षार्थी और उनके अभिभावक घंटों तक फंसे रहे। समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने के लिए कई अभ्यर्थियों को भारी मशक्कत करनी पड़ी। यातायात पुलिस ने जाम की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए लगातार प्रयास किए। हालात बिगड़ते देख सीओ सिटी आशुतोष मिश्रा स्वयं सड़क पर उतरकर यातायात व्यवस्था संभालते नजर आए। शहर के प्रमुख चौराहों और मुख्य मार्गों पर लंबे समय तक वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही, जिससे आम लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस ने यातायात को सुचारु करने के लिए कई स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया और जाम खुलवाने का प्रयास किया।



# 25-25 हजार के इनामी दो बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**प्रतापगढ़ में जीजा हत्याकांड में फरार थे, पैर में गोली लगने से घायल**

**अमन लेखनी समाचार**



प्रतापगढ़, चर्चित जीजा हत्याकांड के दो इनामी आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। जेठवारा थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जबकि दूसरे आरोपी को मौके से दबोच लिया गया। दोनों पर 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। जेठवारा थाना क्षेत्र में देर रात पुलिस और स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में जीजा हत्याकांड के दो इनामी आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिए गए। गजराही पुलिया के पास एसएनएस स्कूल के निकट हुई मुठभेड़ के दौरान पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी चंदेश उर्फ पिंटू वर्मा के बाएं पैर में गोली लगी। घायल आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि उसका साथी तेज बहादुर उर्फ तेजे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक अवैध तमंचा और कारतूस भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी दो दिन पहले हुए चर्चित जीजा हत्याकांड में वांछित थे। आरोप है कि अंतरजातीय विवाह से नाराज साले ने अपने साथियों के साथ मिलकर जीजा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में दोनों आरोपियों पर पुलिस अधीक्षक ने 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

## संक्षेप

### हत्या मामले में सीबीआई जांच की मांग

**परिजनों ने पुलिस पर निर्दोष को फंसाने का आरोप लगाया**

बागपत ,डौला गांव निवासी विकास के परिजनों ने एक हत्या मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक, जिलाधिकारी, आईजी मेरठ, डीजीपी उत्तर प्रदेश, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सीबीआई निदेशक को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें मामले की स्वतंत्र जांच कराने की मांग उठाई गई है परिजनों का आरोप है कि बागपत थाने में दर्ज मुकदमे में विकास को बिना पर्याप्त और ठोस साक्ष्यों के अभियुक्त बनाया गया है। उनका कहना है कि घटना के समय विकास घटनास्थल पर मौजूद नहीं था, फिर भी पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, पुलिस के पास न तो कोई प्रत्यक्ष साक्ष्य है और न ही कोई स्वतंत्र गवाह है, जो विकास की संलिप्तता को साबित कर सके। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि जांच अधिकारी ने निष्पक्ष जांच करने के बजाय एकतरफा कार्रवाई की है। परिजनों का कहना है कि वास्तविक आरोपियों की भूमिका की गहराई से जांच नहीं की गई, जबकि एक निर्दोष व्यक्ति को आरोपी बनाकर कार्रवाई की गई। उन्होंने दावा किया कि मामले के वास्तविक दोषी अब भी खुलेआम घूम रहे हैं। शिकायत पत्र में मोनू कश्यप और सनी कश्यप के नामों का उल्लेख करते हुए उनकी भूमिका की निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। इसके साथ ही, घटना से जुड़े मोबाइल फोन, कॉल डिटेल रिकॉर्ड, लोकेशन डेटा, व्हाट्सएप चैट और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की फॉरेंसिक जांच कराने की भी मांग उठाई गई है। परिजनों ने स्थानीय पुलिस की जांच की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए कहा कि न्यायहित में मामले की जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी, विशेष रूप से सीबीआई से कराई जानी चाहिए। उनका मानना है कि इससे पूरे प्रकरण की सच्चाई सामने आ सकेगी और निर्दोष को न्याय मिल सकेगा। बागपत की सीओ सुकन्या शर्मा ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

### फर्जी लूट का खुलासा, दो गिरफ्तार

**कर्ज उतारने के लिए रची थी साजिश, 6 घंटे में पकड़े गए**

बागपत ,रमाला पुलिस ने एक फर्जी लूट की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मात्र 6 घंटे के भीतर इस मामले का अनावरण किया। आरोपियों ने कर्ज चुकाने के लिए यह साजिश रची थी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान इमरान पुत्र बाबर अली और कुर्बान के रूप में हुई है, दोनों रमाला थाना क्षेत्र के असरफाबाद थल गांव के निवासी हैं। इमरान ने हाल ही में एक प्लॉट खरीदा था, जिससे वह कर्ज में डूब गया था और उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई थी। कर्ज से मुक्ति पाने के लिए उसने अपने साथी कुर्बान के साथ मिलकर अपनी ही गाड़ी की फर्जी लूट की योजना बनाई। इमरान का मकसद था कि लूट का मुकदमा दर्ज होने पर उसे गाड़ी का बीमा मिल जाए और वह गाड़ी को कहीं और बेचकर धन अर्जित कर सके। इस योजना को अंजाम देने के लिए उन्होंने एक फर्जी नंबर प्लेट का भी इस्तेमाल किया। पुलिस को सूचना देने के बाद इमरान ने घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन खेत में छिपा दिया था। पुलिस ने सूचना मिलते ही मामले की छानबीन शुरू की।

# टीईटी महिला अभ्यर्थी की कार नहर में गिरी

## तीसरे दिन सख्ती बढ़ी, ताबीज तक उतरवाए; अब तक 26 नकचली पकड़ाए

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज,यूपी में शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपी-टीईटी) 2026 का शनिवार को तीसरा और आखिरी दिन है। सुबह 7:15 बजे से 8:45 बजे तक परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की एंट्री दी गई। इस दौरान एडमिट कार्ड की जांच, बायोमेट्रिक मिलान और रेटिना स्कैन किया गया। पहली शिफ्ट की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी शिफ्ट की परीक्षा दोपहर 2:30 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी।गोरखपुर में महिला अभ्यर्थियों के बालों के क्लचर, हेयरपिन और ज्वेलरी उतरवाई गई। हाथरस में बेल्ट और जूते उतरवाकर चेकिंग की गई। कानपुर में महिलाओं की चूड़ियां उतरवाई गईं। ललितपुर में महिला के गले से ताबीज और माला उतरवा ली गई। हाथरस में अलीगढ़ से आई एक महिला अभ्यर्थी को 2 मिनट देरी से पहुंचने पर एंट्री नहीं मिली। गेट नहीं खुला तो मायूस होकर लौट गई। रायबरेली में परीक्षा देने जा रही एक छात्रा की कार के सामने अचानक कुत्ता आ गया। उसे बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। छात्रा और उसके पिता को आसपास के लोगों ने बाहर निकाला। इसके बाद दोनों दूसरी कार से परीक्षा केंद्र के लिए रवाना हुए।आज अंतिम दिन 3,78,655 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। दो दिनों में प्रदेश भर से 26 नकलची पकड़े गए हैं। इनमें पहले दिन 15 और दूसरे दिन 9 अभ्यर्थी पकड़े गए। प्रदेश के 60 जिलों में 955 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। कुल 19.94 लाख अभ्यर्थी परीक्षा दे रहे हैं, जिनमें 1,85,791 सेवारत शिक्षक भी शामिल हैं।उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित टीईटी 2026 कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और अत्याधुनिक तकनीक की निगरानी में संपन्न हुई। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता \ का भी इस्तेमाल किया गया।एआई की मदद से तीन दिनों में कुल 44 फर्जी अभ्यर्थियों को पकड़ा गया, जो दूसरे उम्मीदवारों की जगह परीक्षा दे रहे थे। इनमें से शनिवार को आयोजित परीक्षा के दौरान 19 फर्जी अभ्यर्थी पकड़े गए।प्रदेश के 60 जिलों में बनाए गए 955 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा में 19,94,661 अभ्यर्थी पंजीकृत थे।

# सनातन पाण्डेय बाले- ब्राह्मण सत्ता के लोभी नहीं

## सपा सांसद ने कहा- पूर्व से पश्चिम तक एकजुट ब्राह्मण समाज

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज,समाजवादी विचारक व पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. जनेश्वर मिश्र उर्फ छोटे लोहिया की जयंती पर आगामी 5 अगस्त को लखनऊ के जनेश्वर मिश्र पार्क में प्रदेश भर से समाजवादी जुटने वाले हैं। शनिवार को प्रयागराज पहुंचे बलिया सांसद सनातन पाण्डेय ने जानकारी देते हुए कहा कि जयंती का उद्देश्य लोकतंत्र और संविधान की रक्षा, सामाजिक न्याय तथा आपसी सद्भाव को मजबूत करने का संकल्प लेना है।उन्होंने कहा कि विविध भाषा, संस्कृति और जीवनशैली वाले भारत का विकास केवल समाजवादी विचारधारा पर चलकर ही संभव है। वर्तमान राजनीतिक परिप्रेक्ष्य का जिक्र करते हुए कहा कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के नाम पर देश में विभाजन फैलाने वाले और धार्मिक-नदीकरण मुद्दों पर राजनीति करने वाले सक्रिय हैं, लेकिन ऐसे तानाशाही रुझानों को प्रबुद्ध समाज और विचारकों ने हमेशा चुनौती दी है।समाजवादी पार्टी के सांसद ने ब्राह्मण समाज को पार्टी से जोड़ने की रणनीति पर कहा कि उत्तर प्रदेश में पूरब से लेकर पश्चिम तक ब्राह्मण समाज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कुशासन के खिलाफ पूरी तरह एकजुट हो चुका है और इस बार सपा की सरकार बनाने के लिए तैयार है।सपा नेता ने ब्राह्मणों के गौरवशाली इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि ब्राह्मण कभी सत्ता का लोभी नहीं रहा, बल्कि हमेशा राजाओं को जनता के प्रति जवाबदेह बनाने का काम करता रहा है। आज जब देश का संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था खतरे में है, तब ब्राह्मण समाज खुद आगे आकर इसकी अगुवाई कर रहा है।

# 1 किलो की जगह 800 ग्राम मिठाई देने पर विवाद... वीडियो

**मेरठ में ग्राहक के विरोध करने पर दुकानदार ने मारपीट की**

अमन लेखनी समाचार




मेरठ , गंगानगर थाना क्षेत्र स्थित कशेरू बक्सर में एक मिठाई की दुकान पर ग्राहक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि विवाद एक किलो की जगह कम मिठाई देने को लेकर शुरू हुआ था। धनपुर गांव निवासी प्रिंस राणा ने गंगानगर थाने में तहरीर देकर बताया कि गुरुवार को वह अपने मौसी के बेटे के साथ बक्सर स्थित एक मिठाई की दुकान पर मिठाई खरीदने गए थे। आरोप है कि उन्होंने 350 रुपये प्रति किलो के हिसाब से एक किलो मिठाई खरीदी, लेकिन उन्हें करीब 800 ग्राम ही मिठाई दी गई। जब प्रिंस ने इसका विरोध करते हुए पूरी एक किलो मिठाई देने की बात कही तो दुकान मालिक ने कथित तौर पर कहा कि मिठाई इतनी ही मिलेगी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि दुकान मालिक और वहां मौजूद अन्य युवकों ने प्रिंस तथा उनके मौसी के बेटे के साथ मारपीट की। इस दौरान प्रिंस के मौसी के बेटे के सिर में गंभीर चोट लगी। घटना के दौरान मौजूद किसी व्यक्ति ने मारपीट का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर गंगानगर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# वांछित आरोपी पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला

## हमलावरों ने फायरिंग की, सरकारी पिस्टल छीनने की कोशिश; कई पुलिसकर्मी घायल

अमन लेखनी समाचार




मेरठ, कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के राजनगर में 30 जून शाम करीब 6 बजे एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम पर हमला किया गया। रोहटा थाने में दर्ज एक मुकदमे के वांछित आरोपी वैभव सांगवान को पकड़ने के लिए पुलिस देर रात उसके घर दबिश देने पहुंची थी। पुलिस ने जैसे ही आरोपी वैभव को हिरासत में लेने का प्रयास किया, उसने अपने परिजनों और अन्य लोगों के साथ मिलकर टीम का विरोध शुरू कर दिया। हमलावरों ने पुलिसकर्मियों पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला किया। इस दौरान एक पालतू कुत्ता भी पुलिस टीम पर छोड़ दिया गया और एक पुलिसकर्मी की सरकारी पिस्टल छीनने की कोशिश की गई। पुलिस के अनुसार, हमलावरों के पास अवैध हथियार भी थे और उन्होंने जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायरिंग की। इस दौरान एक पुलिसकर्मी गोली लगने से बाल-बाल बचा, जबकि एक अन्य सिपाही का गला दबाकर हत्या का प्रयास किया गया। हमले में कई पुलिसकर्मी घायल हुए, जिनमें एक सिपाही के सिर पर गंभीर चोट आई और दूसरे जवान को पालतू कुत्ते ने काट लिया। घटना के दौरान पूरे मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई और लोगों ने डर के कारण अपने घरों के दरवाजे बंद कर लिए। किसी तरह अपनी जान बचाकर पुलिस टीम थाने पहुंची और आरोपियों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा, जानलेवा हमला, फायरिंग, हत्या के प्रयास सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने बताया कि सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और मामले की गहन जांच जारी है।

# मेडिकल कॉलेज परिसर में नर्सिंग छात्रा पर फब्ती

**2023 के 'यूरिन कांड' का आरोपी हिरासत में, छात्रों ने किया हंगामा**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ,मेडिकल कॉलेज परिसर में देर रात दो युवकों पर एक नर्सिंग छात्रा से अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगा है। आरोप है कि ये युवक शराब पीकर हुड़दंग मचा रहे थे। छात्रा की शिकायत पर मेडिकल थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। हालांकि, पुलिस ने केवल शांतिभंग की धाराओं में उनका चालान किया, जिससे मेडिकल कॉलेज के छात्रों में नाराजगी फैल गई। आक्रोशित छात्रों ने थाने पहुंचकर कार्रवाई को लेकर हंगामा किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी मोनू पहाड़ी उर्फ मोहित ठाकुर, निवासी सोमदत्त सिटी जागृति विहार, और अनमोल त्यागी को हिरासत में लिया गया है। आरोप है कि दोनों मेडिकल कॉलेज परिसर में शराब पीकर शोर-शराबा कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने वहां से गुजर रही एक नर्सिंग छात्रा पर अभद्र कटाक्ष किया। छात्रा की शिकायत पर नर्सिंग के छात्र भी मौके पर पहुंच गए और आरोपियों की बाइक में तोड़फोड़ कर दी। इसके बाद पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। आरोपियों में से एक मोनू पहाड़ी उर्फ मोहित ठाकुर का नाम पहले भी आपराधिक मामलों में सामने आ चुका है। वर्ष 2023 में उस पर जागृति विहार से एक युवक का अपहरण कर मारपीट करने और उसके मुंह में पेशाब करने का आरोप लगा था। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद काफी हंगामा हुआ था। उस मामले में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मोनू पहाड़ी के खिलाफ लूट सहित अन्य मुकदमे भी दर्ज बताए जा रहे हैं।

# बर्थडे पार्टी में बुलाकर युवक की चाकू से गोदकर हत्या

## दोस्तों ने सीने-पेट में 4 मारे, आंतें बाहर आईं; परिजनों ने लगाया जाम

अमन लेखनी समाचार





गाजियाबाद , तड़के करीब 3 बजे एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। रात करीब 11 बजे उसके दोस्त उसे बर्थडे पार्टी में शामिल होने के बहाने घर से बुलाकर ले गए। पार्टी के दौरान 3 दोस्तों ने उसे घेर लिया। फिर सीने में तीन और पेट में चार बार चाकू मारा। हमले में उसकी आंतें बाहर आ गईं। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल युवक को एमएमजी अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हत्या से गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। महिलाएं धरने पर बैठ गईं और आरोपियों के एनकाउंटर की मांग करने लगीं। पुलिस ने समझाकर जाम खुलवाया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान न्यू शांति नगर निवासी मोहित पुत्र बबलू शर्मा के रूप में हुई है। घटना क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र की है। न्यू शांति नगर निवासी बबलू शर्मा के दो बेटे और एक बेटी हैं। मोहित सबसे छोटा था। उसने 12वीं तक पढ़ाई की थी। परिजनों के मुताबिक, रात वह खाना खाकर घर में सो रहा था। रात करीब 11 बजे मोहल्ले के रहने वाले उसके दोस्त गौरव, देव और हरि घर पहुंचे। गौरव ने मोहित से कहा कि उसका बर्थडे है और पार्टी में चलना है।मोहित पहले जाने के लिए तैयार नहीं था, लेकिन तीनों दोस्त उसे अपने साथ ले गए। आरोप है कि वहां अन्य दोस्तों के साथ पार्टी के दौरान नशे की हालत में गाली-गलौज शुरू हो गई। इसी बीच गौरव, देव और हरि ने मिलकर मोहित पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। सीने और पेट पर कई वार करने के बाद आरोपी उसे मौके परछोड़कर फरार हो गए।अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित किया, फिर लगा तड़के करीब 3 बजे परिजनों को सूचना मिली कि मोहित को उसके दोस्तों ने चाकू मार दिया है। सूचना मिलते ही परिवार और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस घायल मोहित को एमएमजी अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।युवक की हत्या से नाराज परिजनों और स्थानीय लोगों ने सुबह करीब 9 बजे शव रखकर सड़क जाम कर दिया। महिलाएं धरने पर बैठ गईं और आरोपियों के एनकाउंटर की मांग करने लगीं। सूचना पर डीसीपी सिटी धवल जायसवाल और एसीपी वेव सिटी प्रिया श्रीपाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों को कार्रवाई का भरोसा दिया।

# कपसाड़ कांड के आरोपी पारस सोम की जमानत याचिका खारिज

## एससी एसटी स्पेशल कोर्ट में डाली थी याचिका, वादी पक्ष बोला- यह गंभीर अपराध

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , कपसाड़ कांड के आरोपी पारस सोम के बालिग घोषित होने के बाद उसकी मुश्किल बढ़ती जा रही है। दोपहर करीब 2 बजे कोर्ट ने पारस सोम की जमानत याचिका खारिज कर दी। फिलहाल पारस को किसी भी तरह की राहत मिलने की उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है। वादी पक्ष का कहना है कि जब भी याचिका दायर होगी, तब ही उसको अपोज किया जाएगा। सरधना के ग्राम कपसाड़ में 8 जनवरी को दलित महिला सुनीता की हत्या कर उसकी बेटी रूबी को गांव के ही ठाकुर समाज के पारस सोम ने अगवा कर लिया। गांव में तनाव फैल गया। इसके बाद गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया। 48 घंटे में पीड़िता रूबी को सकुशल बरामद कर आरोपी पारस सोम को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों कोर्ट में पेश हुए। रूबी को काउंसलिंग के लिए भेजा गया जबकि पारस सोम को कोर्ट ने जेल भेज दिया। हालांकि काउंसलिंग के बाद रूबी परिजनों के साथ लौट गई थी।

### नाबालिग बताकर याचिका दायर की

प्रतिवादी पक्ष ने पारस सोम को नाबालिग बताते हुए 14 जनवरी को एससी-एसटी कोर्ट में याचिका दायर की कि इस मामले की सुनवाई जेजे बोर्ड में हो। कोर्ट ने याचिका स्वीकार की और साक्ष्य तलब किए। 9 फरवरी को एससी-एसटी कोर्ट ने मामले को जेजे बोर्ड ट्रांसफर कर दिया। जेजे बोर्ड ने 7 मई को जेजे बोर्ड ने हत्या व अपहरण के आरोपी पारस सोम के ओसिफिकेशन टेस्ट के आदेश दिए। 12 मई को टेस्ट कराया गया और 8 जून को जेजे बोर्ड ने पारस सोम को बालिग घोषित कर दिया। हालांकि उम्र को लेकर प्रतिवादी पक्ष ने क्रिमिनल अपील दायर की हुई है, जिसमें टीसीआर तलब किया गया है।

### सेशन कोर्ट में दायर की जमानत याचिका

पारस सोम के बालिग होने के बाद वादी पक्ष ने जमानत के प्रयास शुरू कर दिए हैं। हाल ही में उनकी तरफ से एससी-एसटी कोर्ट में जमानत याचिका दायर की गई, जिस पर सुनवाई के लिए 2 जुलाई की तारीख नीयत थी। कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई की और बिना देरी किए उसे खारिज कर दिया।

### 6 जुलाई को क्रिमिनल अपील पर सुनवाई

पारस सोम की उम्र से जुड़ी याचिका पर भी 6 जुलाई को सुनवाई होनी है। एससी-एसटी कोर्ट ने उस याचिका पर सुनवाई करते हुए टीसीआर तलब किया है। जेजे बोर्ड की तरफ से 6 जुलाई को टीसीआर उपलब्ध कराया जाएगा। प्रतिवादी बलराम सोम का कहना है कि वह मजबूती के साथ अपना पक्ष रखेंगे ।

# किसानों ने टोल बंद करने पर जताया विरोध

## जेवर टोल पर बड़े आंदोलन की चेतावनी, बैठक में लिया गया निर्णय

अमन लेखनी समाचार



जेवर, ग्रेटर नोएडा में शाम करीब 6 बजे भारतीय किसान यूनियन भानू संयुक्त मोर्चा की एक आपात बैठक आयोजित की गई। यह बैठक यमुना एक्सप्रेसवे पर किसान संगठनों की गाड़ियों के लिए टोल सुविधा बंद किए जाने के विरोध में कनारसी गांव में हुई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय प्रमुख उपाध्यक्ष अजब सिंह कसाना ने की, जबकि संचालन जिलाध्यक्ष राजकुमार नागर ने किया। इसमें किसान नेताओं ने यमुना विकास प्राधिकरण और यमुना एक्सप्रेसवे प्रबंधन के फैसले पर कड़ा विरोध व्यक्त किया। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि सभी किसान संगठन आपसी समन्वय के बाद किसी भी दिन जेवर टोल पर एक बड़ा आंदोलन करेंगे। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की मांगों की लगातार अनदेखी की गई, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। किसान नेताओं ने कई प्रमुख मांगें रखीं। इनमें जीरो पॉइंट से आगरा तक एक्सप्रेसवे की शर्तों के अनुसार सर्विस रोड का निर्माण, एक्सप्रेसवे से प्रभावित किसानों को 7 प्रतिशत आवासीय भूखंड और 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर (मुआवजा) दिए जाने की मांग शामिल है।

# खुले में शराब पीने वालों पर एक्शन

## 274 लोग पकड़े गए, पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर चला चेकिंग अभियान

अमन लेखनी समाचार



गौतमबुद्ध नगर , पुलिस कमिश्नरेट ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया है। रात सेंट्रल नोएडा के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चलाए गए इस अभियान के दौरान 274 लोगों को पकड़ा गया। इन सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है। सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य सार्वजनिक और खुले स्थानों पर शराब पीने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करना है। बुधवार रात सेंट्रल नोएडा के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने गश्त की। इस दौरान सार्वजनिक और खुले में शराब पीते पाए गए 274 लोगों को हिरासत में लिया गया। उन्हें थाने लाकर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 292 के तहत कार्रवाई की गई। पकड़े गए सभी लोगों को भविष्य में सार्वजनिक स्थानों पर शराब या किसी अन्य नशीले पदार्थ का सेवन न करने की सख्त हिदायत दी गई। इस अभियान के दौरान खुले में शराब पी रहे लोगों में भगदड़ भी मच गई थी।यह अभियान सेंट्रल नोएडा के बिसरख, सूरजपुर, ईकोटेक 3, फेज 2 और सेक्टर 63 सहित सभी थानों में चलाया गया। एडिशनल डीसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने पुष्टि की कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# नोएडा के लेबर कैंप में लगी आग

## सिलेंडर लीकेज से 2 टीन शेड जले,फायर ब्रिगेड की 3 गाड़ियों ने 45 मिनट में पाया काबू

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर,नोएडा के बादलपुर थाना क्षेत्र में रात 10 बजे एक निजी कंस्ट्रक्शन कंपनी के लेबर कैंप में आग लग गई।हादसे में मजदूरों के दो टीन शेड जलकर राख हो गए। सभी मजदूर समय रहते सुरक्षित बाहर निकल गए। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की छह गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। इनमें से तीन गाड़ियों ने करीब 45 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। आग के दौरान कई छोटे गैस सिलेंडर भी फट गए, जिससे लपटें तेजी से फैल गईं। 60 मजदूरों के लिए बना था लेबर कैंप जिला दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि रात करीब 10:50 बजे कचहेड़ा कादलपुर स्थित झुग्गियों में आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि एक निजी कंस्ट्रक्शन कंपनी ने करीब 60 मजदूरों के रहने के लिए टीन शेड बनाए थे। मजदूर इन्हीं शेडों में छोटे गैस सिलेंडरों पर खाना बनाते थे। गैस रिसाव से लगी आग प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि एक झोपड़ी में छोटे सिलेंडर से गैस रिसाव हुआ, जिससे आग लगी। देखते ही देखते आग पूरे टीन शेड में फैल गई और दो शेड पूरी तरह जल गए। मजदूरों का सामान जलकर राख दमकल विभाग ने समय रहते आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

## मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराधों के प्रति किया गया जागरूक

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों—जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य—पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

## डुडी वन ब्लॉक में पौधरोपण कर मनाया गया वन महोत्सव सप्ताह




अमन लेखनी समाचार

गरौठा, झांसी। वन महोत्सव सप्ताह 2026 के अंतर्गत शनिवार 4 जुलाई को बामौर रेंज गरौठा के डुडी वन ब्लॉक की रोपावनी-2026 (क्षेत्रफल 22 हेक्टेयर) में भव्य पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय वनाधिकारी श्री जगदम्बा पाठक के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस मौकर पर ब्लॉक प्रमुख बामौर चंद्रभान सिंह ने हरिशंकरी, बेल, कदंब, पीपल, पाकड़ एवं नीम सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढ़ाने का संदेश दिया। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उप क्षेत्रीय वनाधिकारी हेमन्त कुमार, वन दरोगा गजेंद्र सिंह, रामकुमार, प्रीतम सिंह, वन रक्षक रोहित कुमार, बामौर रेंज का समस्त वन स्टाफ तथा ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

## तियरा स्टेडियम बनेगा सोनभद्र की नई पहचान

**खिलाड़ियों की सुविधा के लिए स्टेडियम के जीर्णोद्धार पर खर्च होंगे 6.73 करोड़ रुपये।**

**जीर्णोद्धार का प्रस्ताव खेल निदेशालय को भेजा गया, जल्द आवंटित होगी धनराशि।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। खेल सुविधाओं के विस्तार और खिलाड़ियों को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में तियरा स्टेडियम के जीर्णोद्धार एवं आधुनिकीकरण पर 6 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि खर्च की जाएगी। जिला प्रशासन ने इसके लिए प्रस्ताव बनाकर निदेशालय भेज दिया है। धनराशि आवंटन के साथ ही स्टेडियम के कायाकल्प का कार्य शुरू हो जाएगा। आधुनिक सुविधाओं के विकास से यह स्टेडियम सोनभद्र की नई पहचान बनकर उभरेगा। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि जनपद में खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से तियरा स्टेडियम में सभी जरूरी सुविधाओं का विकास किया जाएगा। सरकार का उद्देश्य खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करते हुए उत्तर प्रदेश को खेल क्षेत्र में अग्रणी राज्यों में शामिल करना है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा तियरा स्टेडियम में सुविधाओं के विकास के संबंध में प्रस्ताव मांगा गया था। जिसके बाद खेल निदेशालय को 6.73 करोड़ रुपये का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। धनराशि आवंटित होते ही स्टेडियम के कायाकल्प का कार्य शुरू कराया जाएगा। स्टेडियम के जीर्णोद्धार से स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और अवसर प्राप्त होंगे। पवैलियन बिल्डिंग के जीर्णोद्धार के साथ ही क्षतिग्रस्त छत की मरम्मत की जाएगी। वॉलीबाल कोर्ट की फेंसिंग दुरुस्तीकरण के साथ ही सेंथेटिक फ्लोरिंग कराई जाएगी। बाउंड्रीवॉल पर कटीले तारों की फेंसिंग लगाई जाएगी। दर्शक दीर्घा का सुदृढ़ीकरण कराया जाएगा। छात्रावासों व दर्शक दीर्घा का रंगरोगन कराया जाएगा। हॉकी के लिए विश्वस्तरीय टर्फ का निर्माण कराया जाएगा। समुचित जलनिकासी के लिए नाली का निर्माण कराया जाएगा। रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। खिलाड़ियों के लिए आवश्यक फर्नीचर की खरीद की जाएगी।

## खास समाचार

### राष्ट्र वंदन काव्य संध्या एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन 5 जुलाई को

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। शहीद स्थल प्रबंधन ट्रस्ट करारी सोनभद्र के संयोजन में करारी शहीद स्थल पर रविवार पांच जुलाई शाम को राष्ट्र वंदन काव्य संध्या एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें वाराणसी के साहित्यकार सीताराम राय व विक्रांत बनारसी को साहित्य शिरोमणि अलंकरण से विभूषित किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार रामनाथ शिवेन्द्र करेंगे। कवयित्री कौशल्या कुमारी चौहान, धर्मेश चौहान, प्रभात सिंह चंदेल, सुशील मिश्रा, अशोक तिवारी, दिलीप सिंह दीपक, सुधाकर पांडेय स्वदेशप्रेम, दिवाकर दिवेदी मेघ का काव्य पाठ व शहीदों के प्रतिमा पर माल्यार्पण होगा। उक्त आशय की जानकारी संस्था प्रमुख एवं कवि प्रद्युम्न त्रिपाठी एडवोकेट ने दी है।

### दुद्धी पुलिस द्वारा 05 वांछित वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान तथा वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दिए गए निर्देशों के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी विजय प्रभाकर साहनी के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक दुद्धी के नेतृत्व में थाना दुद्धी पुलिस द्वारा प्रभावी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान माननीय न्यायालय अपर सिविल जज (जू०डि०) एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, दुद्धी द्वारा निर्गत गैर-जमानती वारंटों का तामील कराते हुए थाना दुद्धी पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर कुल 05 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के उपरांत सभी अभियुक्तों को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### साइबर ठगी के शिकार व्यक्ति के खाते में 23,975 रुपये कराए गए वापस

**शक्तिनगर पुलिस की त्वरित कार्रवाई से मिली राहत।**

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं पीड़ितों को त्वरित राहत प्रदान करने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक शक्तिनगर सतेन्द्र कुमार राय के कुशल नेतृत्व में थाना शक्तिनगर पुलिस द्वारा साइबर ठगी के एक पीड़ित को 23,975/- की धनराशि सफलतापूर्वक वापस कराई गई। प्रकरण में आवेदक मंगलेश्वर पटेल पुत्र श्रीनिवास पटेल, निवासी बीना, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र के साथ अज्ञात साइबर ठग द्वारा धोखाधड़ी कर उनके खाते से धनराशि ट्रांसफर कर ली गई थी। शिकायत प्राप्त होते ही थाना शक्तिनगर की साइबर टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक से पत्राचार कर धनराशि को होल्ड कराया गया तथा टफट ढङ्ग१३ह्ल के माध्यम से आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कराते हुए 23,975/- की पूरी धनराशि आवेदक के मूल बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस कराई गई।

## पौधारोपण व सामाजिक दायित्व पर विशेष जोर, पीएसपी परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**सी0एस0आर0 मद से किये जाने वाले विकास कार्यो की पी0एस0पी0 कम्पनिया एक सप्ताह में प्रस्तुत करे कार्य योजना– जिलाधिकारी।**

**परियोजना क्षेत्रों के विद्यालयों का कायाकल्प, सड़क मरम्मत व मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश।**

**जिलाधिकारी बोले हरित सोनभद्र के निर्माण में कंपनियां निभाएं सक्रिय भूमिका।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट- 2023 के अंतर्गत जनपद में प्रस्तावित पम्प्ड स्टोरेज परियोजनाओं (पीएसपी) की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति से अवगत कराया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि परियोजनाओं के साथ सामाजिक दायित्वों का भी पूरी गंभीरता से निर्वहन किया जाए। उन्होंने परियोजना क्षेत्रों से सटे गांवों के विद्यालयों के कायाकल्प, संपर्क मार्गों की मरम्मत, पेयजल, स्वच्छता एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए, जिससे स्थानीय ग्रामीणों को विकास का सीधा लाभ मिल सके। उन्होने कहा कि पी0एस0पी0 कम्पनी अपने क्षेत्र के आस-पास सी0एस0आर0 मद से किये जाने वाले विकास कार्यो की एक सप्ताह में कार्य योजना प्रस्तुत करे। जिलाधिकारी ने पर्यावरण संरक्षण पर विशेष बल देते हुए कहा कि सभी पीएसपी परियोजनाओं से जुड़ी कंपनियां पहाड़ी एवं बंजर क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पौधारोपण करें। उन्होंने बीज बॉल (सीड बॉल) तकनीक के माध्यम से हरियाली बढ़ाने, लगाए गए पौधों के संरक्षण तथा व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाकर हरित सोनभद्र के निर्माण में सक्रिय योगदान देने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ल, जीएम डीआईसी विनोद कुमार चौधरी, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, उद्यम मित्र नितिन कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## हॉस्टलों को डेंगू मुक्त बनाने के लिए चलेगा विशेष अभियान

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। जिले में डेंगू की रोकथाम और युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से गोरखपुर में जुलाई माह के दौरान हॉस्टलों में विशेष सफाई एवं जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू मुक्त हॉस्टल अभियान के तहत विभिन्न शैक्षणिक एवं चिकित्सा संस्थानों के सहयोग से व्यापक गतिविधियां संचालित की जाएंगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश झा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग, बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर, एम्स गोरखपुर, महायोगी गुरु गोरखनाथ विश्वविद्यालय तथा पंडित दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय सहित कई प्रमुख संस्थानों के सहयोग से यह अभियान संचालित किया जाएगा। इसकी शुरूआत बीआरडी मेडिकल कॉलेज के हॉस्टलों से किए जाने की तैयारी है। सीएमओ ने बताया कि अभियान के दौरान हॉस्टलों में रहने वाले छात्र-छात्राओं एवं अन्य निवासियों को डेंगू से बचाव के प्रभावी उपायों की जानकारी दी जाएगी। उन्हें बताया जाएगा कि अपने कमरों, बाथरूम, किचन तथा आसपास कहीं भी साफ पानी जमा न होने दें, क्योंकि एडीज मच्छर साफ पानी में ही पनपता है। कूलर का पानी प्रत्येक सप्ताह बदलने और उसकी नियमित सफाई करने, गमलों एवं फ्लावर पॉट में पानी जमा न होने देने, पूरी बांह के कपड़े पहनने तथा मच्छररोधी क्रीम एवं स्प्रे का उपयोग करने की सलाह दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से हॉस्टल परिसर और आसपास साफ-सफाई बनाए रखने पर विशेष जोर दिया जाएगा। छात्रों को प्रेरित किया जाएगा कि वे प्रत्येक रविवार को टोली बनाकर छतों, कूलरों और आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण करें तथा कहीं भी जलजमाव दिखाई देने पर तत्काल संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों को सूचित करें। डॉ. झा ने बताया कि अभियान के दौरान साफ पानी के ठहराव वाले स्थानों की पहचान कर उनकी सफाई कराई जाएगी। साथ ही डेंगू रोग के कारण, लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। बताया जाएगा कि डेंगू एक वायरल बीमारी है, जो दिन में काटने वाले एडीज मच्छर के माध्यम से फैलती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि मानसून के मौसम में किसी भी प्रकार का बुखार होने पर लापरवाही न बरतें और तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।

## वढळएळ परीक्षा सकुशल निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का किया गया स्थलीय निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (वढळएळ)-2026 को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जनपद सोनभद्र के जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, पहचान सत्यापन, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, स्ट्रांग रूम, परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाओं तथा कानून-व्यवस्था का गहन जायजा लिया। उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापकों, सेक्टर मजिस्ट्रेटों एवं ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को परीक्षा को पूर्णतः निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा अवधि के दौरान प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर सतर्क दृष्टि बनाए रखें, संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखें तथा किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि अथवा कानून-व्यवस्था संबंधी समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही परीक्षा केन्द्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्र न होने देने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। जनपद पुलिस द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती कर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित वातावरण में सम्पन्न हो सके।

## भूमि विवादों के त्वरित निस्तारण में सोनभद्र बना मिसाल जिलाधिकारी की सतत मॉनिटरिंग से मिली बड़ी सफलता

**परीक्षण, चकबंदी व उच्च न्यायालय के लंबित संदर्भ हुए शून्य, राजस्व न्यायालयों में भी लंबित मामलों में भारी कमी।**

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिदिन समीक्षा कर अधिकारियों को दिए गए प्रभावी निर्देश।**


**पुनर्जीवित वादों के निस्तारण में भी उल्लेखनीय प्रगति, शेष प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश।**


**सुशासन और प्रभावी कार्यशैली से प्रदेश में अलग पहचान बना रहा सोनभद्र प्रशासन।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। प्रदेश सरकार द्वारा 1 जून से 30 जून, 2026 तक राजस्व भूमि संबंधी प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए चलाए गए विशेष अभियान के अंतर्गत जनपद सोनभद्र ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के सतत निर्देशन, दैनिक मॉनिटरिंग एवं प्रभावी कार्यशैली के परिणामस्वरूप राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों के निस्तारण में जनपद ने प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। अभियान के दौरान जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने प्रतिदिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर लंबित प्रकरणों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। प्रत्येक प्रकरण की नियमित समीक्षा और जवाबदेही तय किए जाने का सकारात्मक परिणाम यह रहा कि परीक्षण हेतु लंबित सभी संदर्भों का निस्तारण कर दिया गया है तथा वर्तमान में जनपद में परीक्षण हेतु लंबित संदर्भों की संख्या शून्य हो गई है। इसी प्रकार चकबंदी न्यायालय में लंबित प्रकरणों का भी पूर्ण निस्तारण कर दिया गया है और वहां भी लंबित मामलों की संख्या शून्य हो गई है। माननीय उच्च न्यायालय से संबंधित लंबित प्रकरणों का भी प्रभावी पैरवी एवं समन्वय के माध्यम से निस्तारण सुनिश्चित किया गया, जिससे उनकी संख्या भी शून्य पर पहुंच गई है। राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या घटकर मात्र 120 रह गई है, जबकि सिविल न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की संख्या घटकर केवल 22 रह गई है। यह उपलब्धि प्रशासन की सतत निगरानी, समयबद्ध कार्रवाई और राजस्व विभाग की सक्रिय कार्यप्रणाली का परिणाम है। अभियान के अंतर्गत पुनर्जीवित किए गए कुल 6,544 प्रकरणों में से अधिकांश का निस्तारण कर दिया गया है तथा अब केवल 580 प्रकरण लंबित हैं, जो मुख्य रूप से ओबरा एवं रॉबर्ट्सगंज तहसीलों से संबंधित हैं। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इन शेष प्रकरणों का भी प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करते हुए अभियान की उपलब्धियों को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के नेतृत्व में जनपद सोनभद्र ने राजस्व मामलों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। प्रशासन की निरंतर मॉनिटरिंग, समयबद्ध समीक्षा तथा अधिकारियों की जवाबदेही तय किए जाने से जनपद ने प्रदेश के अन्य जनपदों की तुलना में उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित की है, जो सुशासन और पारदर्शी प्रशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## वसई-नालासोपारा की दो महिला क्रिकेटरों को मुंबई विमेंस टी-20 लीग में मिला मौका




अमन लेखनी समाचार

वसई। मुंबई के ऐतिहासिक वानखेड़े स्टेडियम में हाल ही में आयोजित मुंबई विमेंस टी-20 लीग में आकाश टाइगर्स टीम की तरफ से खेलने का अवसर वसई-नालासोपारा की प्रतिभाशाली महिला क्रिकेटर सेजल किरण राउत और बतुल परेरा को मिला। उनकी इस उपलब्धि से पूरे पालघर जिले के साथ साथ वसई-वीरार, नालासोपारा क्षेत्र का गौरव बढ़ा है। सेजल राउत और बतुल परेरा दोनों स्वप्निल पाटिल क्रिकेट अकादमी में व्यक्तिगत (पर्सनल) क्रिकेट प्रशिक्षण ले रही हैं। अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक एवं यूएई के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर स्वप्निल प्रकाश पाटिल के मार्गदर्शन में दोनों खिलाड़ियों ने अपने खेल में लगातार सुधार किया है। इसी का परिणाम है कि उन्हें मुंबई विमेंस टी-20 लीग जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रशिक्षक स्वप्निल प्रकाश पाटिल ने कहा, ‍‍"सेजल और बतुल ने अपनी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उनकी सफलता पर हमें गर्व है और हमें विश्वास है कि आने वाले समय में वे मुंबई के साथ-साथ भारतीय महिला क्रिकेट टीम का भी प्रतिनिधित्व करेंगी। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर स्थानीय खेल प्रेमियों ने दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दी हैं। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि वसई-विरार क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण क्रिकेट प्रशिक्षण और अनुभवी कोचों के मार्गदर्शन से अनेक युवा खिलाड़ियों को बड़े स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। शीर्ष क्रम की बल्लेबाज सेजल किरण राउत और बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाज बतुल परेरा की इस सफलता ने वसई-वीरार के उभरते क्रिकेटरों को नई प्रेरणा दी है। साथ ही, स्वप्निल पाटिल क्रिकेट अकादमी ने एक बार फिर यह साबित किया है कि सही प्रशिक्षण, अनुशासन और अनुभवी मार्गदर्शन के दम पर स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाया जा सकता है।

## कुरुक्षेत्र में रिपब्लिकन पार्टी का संगठन हुआ मजबूत, गुलजार सिंह बने जिला अध्यक्ष



अमन लेखनी समाचार

कुरुक्षेत्र। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट रवि सोनू कुंडली कुरुक्षेत्र पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने पूर्व पुलिस अधिकारी गुलजार सिंह को रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) का जिला अध्यक्ष, कुरुक्षेत्र नियुक्त किया तथा उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट रवि सोनू कुंडली ने विश्वास व्यक्त किया कि गुलजार सिंह अपने अनुभव, नेतृत्व क्षमता और समाज सेवा की भावना के साथ पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को जिला स्तर पर और अधिक मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) के प्रदेश सचिव मास्टर सुरजवान प्रमुख समाजसेवी राजपाल, महिपाल तथा विकास सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ तथा सभी उपस्थितजनों ने श्री गुलजार सिंह को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## मैं 'हेरा फेरी 3 को धुरंधर से भी बड़ा बनाता : प्रियदर्शन

**नई दिल्ली।** हेराफेरी से एग्जिट लेने पर साफ-साफ बात करते हुए प्रियदर्शन ने कहा, 'फिरोज ने अक्षय से कहा था, 'तुम्हारे पास हेरा फेरी 3 बनाने के अधिकार हैं, लेकिन इसे कभी भी प्रियदर्शन के साथ मत बनाना। बस यही मेरी गुजारिश है।' उन्होंने कई बार मेरी बेइज्जती की है, उन्होंने मुझसे कहा था कि हेरा फेरी का मेरा कट किसी गरीब आदमी के वर्शन जैसा लगता था, और उन्हें मेरी पांच घंटे की फिल्म को एडिट करना पड़ा था'। उन्होंने बताया, 'शुरू में मैं अक्षय के साथ तीसरा पार्ट बनाने के लिए तैयार हो गया था, क्योंकि मुझे लगा कि मैं देश की सबसे बड़ी फ्रैंचाइजी में से एक बना सकता हूं। अगर मैंने इसे डायरेक्ट किया होता, तो मैं इसे 'धुरंधर' से भी बड़ा बना सकता था। अक्षय कुमार , सुनील शेट्टी और परेश रावल ने मुझसे 'हेरा फेरी 3' बनाने का अनुरोध किया था।

**लाइफ Style**

# दिव्या

## आजकल एक रील से बन सकते हैं स्टार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिव्या दत्ता को हाल ही में वेब सीरीज 'चिरैया' में एक ऐसी महिला का किरदार निभाने के लिए तारीफ मिली, जो अपने परिवार के खिलाफ आवाज उठाती है। हाल ही में दिव्या ने सोशल मीडिया के दौर में एक्टर्स के सामने आने वाली नई चुनौतियों, किरदार पर आधारित कहानियों पर स्टार सिस्टम के असर और दूसरी चीजों के बारे में बात की।

दिव्या का मानना है कि आज के एक्टर्स के लिए नई चुनौती सोशल मीडिया और इन्फ्लुएंसर कल्चर का बढ़ना है। दिव्या दत्ता ने सोशल मीडिया के दौर और नए एक्टर्स के सामने आने वाली चुनौतियों को लेकर कहा कि जब मौकों की बात आती है, तो मुझे लगता है कि जब मैंने शुरुआत की थी, तब हमें कहीं ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ा था, क्योंकि तब मौके और माध्यम कम थे। आजकल आप अपने लिए एक रील बना सकते हैं और अचानक स्टार बन सकते हैं। प्रोड्यूसर आप पर ध्यान देते हैं और कहते हैं, 'ठीक है, इस व्यक्ति को लेते हैं।'इस लिहाज से यह आसान हो गया है। कई इन्फ्लुएंसर्स ने अपने लिए मजबूत कॅरियर बनाया है, लेकिन इसके दूसरे पहलू भी हैं। इसका असर मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। युवा पीढ़ी अब ऐसी स्थिति में फंसी हुई है जहां सब कुछ लाइक्स, वैलिडेशन और विजिबिलिटी के इर्द-गिर्द घूमता है। इस सवाल पर कि बॉलीवुड आज भी महिलाओं के मजबूत किरदारों को दिखाने में क्यों संघर्ष करता है, एक्ट्रेस कहती हैं कि ऐसे रोल मौजूद तो हैं, लेकिन कम हैं। मेरे दिमाग में सबसे पहले 'दामिनी' फिल्म आती है, जिसमें महिलाओं का एक बहुत मजबूत किरदार था। लेकिन, और भी फिल्में हैं।



**हॉलीवुड मसाला**



## माउई के रूप में शानदार वापसी

**लॉस एंजिल्स।** कुछ किरदार ऐसे होते हैं जिन्हें अभिनेता निभाते हैं, और कुछ ऐसे जो अभिनेता की पहचान बन जाते हैं। दुनिया के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में शुमार, बॉक्स ऑफिस के बादशाह और करोड़ो दिलों की धड़कन ड्वेन 'द रॉक' जॉनसन के लिए माउई ऐसा ही एक किरदार है। 10 जुलाई को जब डिज्नी की लाइव-एक्शन फिल्म मोआना भारत में अंग्रेजी और हिंदी में सिनेमाघरों में रिलीज होगी, तब जॉनसन सिर्फ 2016 की सुपरहिट एनिमेटेड फिल्म के अपने लोकप्रिय किरदार में वापसी नहीं करेंगे बल्कि पहली बार उसे पूरी तरह जीवंत रूप में बड़े पर्दे पर निभाते नजर आएंगे—अपने मशहूर टैटू, दमदार व्यक्तित्व और उसी करिश्मे के साथ।




## द ओडिसी से धमाका करने के लिए तैयार क्रिस्टोफर

**नई दिल्ली।** दिग्गज फिल्ममेकर क्रिस्टोफर नोलन फिर से अपनी मोस्ट एंटीसिपेटेड फिल्म से दुनियाभर में तहलका मचाने जा रहे हैं। ओपेनहाइमर की रिलीज के तीन साल बाद क्रिस्टोफर फैंटेसी ड्रामा 'द ओडिसी' लेकर आ रहे हैं। सिनेमाघरों में रिलीज से सिर्फ 15 दिन पहले ही 'द ओडिसी' का फाइनल ट्रेलर जारी किया गया है, जिसने आउट होते ही इंटरनेट पर धमाल मचा दिया है। फाइनल ट्रेलर 'द ओडिसी' की भव्यता को और करीब से दिखाता है। फिल्म पर करीब 2100 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। यह फिल्म 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 'द ओडिसी' के फाइनल ट्रेलर में डेमन के ओडिसियस और चार्लीज थेरॉन के कैलिप्सो की और झलक मिलती है। साथ ही यह भी दिखाया गया है कि कैसे ट्रोजन वॉर के बाद ओडिसियस घर अपने परिवार के पास लौटने के लिए बेताब है। इस ट्रेलर में परिवार का मोह, युद्ध और घर वापसी की बेचैनी को खूबसूरती से दिखाया गया है।



## जरूरतमंद की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

**मुंबई।** रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी मुंबई की भारी बारिश के बावजूद मंदिर दर्शन के लिए पहुंचीं। साथ ही उन्होंने जिस तरह एक जरूरतमंद की मदद की, उसे देखकर फैंस राशा के कायल हो गए। रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने अपने कॅरियर की शुरुआत पिछले साल आजाद से की थी। इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता नहीं मिली। लेकिन, राशा के पास ऑफर्स की कमी नहीं है। अपनी फिल्मों के अलावा वह अपने व्यवहार को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह बारिश के मौसम में मुंबई के एक मंदिर में पहुंचीं। इस दौरान एक बूढ़ी महिला उनसे मदद मांगती दिखे, राशा ने भी मदद का हाथ बढ़ाया। राशा की इस दरियादिली को फैंस अब खूब सराह रहे हैं। वायरल वीडियो में नजर आ रहा है कि राशा मंदिर में



## तलाक के बाद नहीं ली 400 करोड़ की एलिमनी

**नई दिल्ली।** एक्टर ऋतिक रोशन और सुजैन खान का तलाक देश भर में चर्चा का विषय बना था। दोनों की शादी 15 साल से ज्यादा चली थी और उनके दो बेटे भी हैं। लेकिन उनके अलग होने और कोर्ट केस की खबरों के बीच ऐसी खबरें भी आईं कि सुजैन ने ऋतिक से एलिमनी (तलाक के बाद मिलने वाली रकम) के तौर पर 400 करोड़ की मांग की थी और बॉलीवुड में इसे अब तक का सबसे महंगा तलाक भी माना जाता है। अब उनकी बहन और ज्वेलरी डिजाइनर फराह खान अली ने इन दावों को गलत बताया है और कहा है कि सुजैन को इस तरह पैसों की जरूरत नहीं थी। फराह खान अली ने उस समय को याद किया जब ऋतिक और सुजैन ने अपने तलाक की बात सबके सामने रखी थी। उन्होंने कहा, 'हर कोई हैरान था। बहुत हंगामा हुआ था।लोगों की उनकी पर्सनल जिंदगी के बारे में बहुत सी राय थीं, लेकिन मुझे लगता है कि उन दोनों ने इसे बहुत अच्छे से संभाला। यह सब आपसी सहमति से हुआ। मैं एक बात साफ तौर पर कहना चाहती हूं कि कभी भी 400 करोड़ की एलिमनी नहीं दी गई थी।' उन्होंने आगे कहा, 'जब मैं ऑनलाइन लोगों को यह कहते हुए देखती हूं कि 400 करोड़ दिए गए और सुजैन और अमीर हो गईं, तो मुझे बहुत बुरा लगता है।

**टीवी मसाला**



## 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने बदल दी मेरी जिंदगी

**नई दिल्ली।** एकता कपूर ने टेलीविजन जगत में सास-बहू और फैमिली ड्रामा आधारित सीरियल्स में ऐसा प्रयोग किया कि दर्शक खूब आकर्षित हुए। साल 2000 के आसपास 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' और 'कहानी घर घर की' जैसे सीरियल्स का क्रेज जबर्दस्त था और घर-घर में देखे जाते थे। 'क्योंकि...' का दूसरा सीजन इन दिनों प्रसारित हो रहा है। इसके सफर पर एकता कपूर ने बात की। एकता कपूर का मानना है कि सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने उनकी जिंदगी बदल दी। प्रोड्यूसर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से शुक्रवार को एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने शो के दूसरे सीजन का नया प्रोमो पोस्ट किया है, जिसमें घर के अंदर हुए बदलावों की झलक है। पोस्ट के साथ एकता कपूर ने कैप्शन लिखा है, '26 साल पहले एक शो आया था, जिसने मेरी जिंदगी बदल दी। समीर सर, स्टार प्लस, बालाजी टीम, तनु, स्मृति और सभी एक्टर्स का शुक्रिया। और हां, सबसे ज्यादा शुक्रिया उन राइटर्स और टीम का, जो इसे ऐसा बनाने के लिए लगातार काम करते हैं। जय माता दी'। बता दें कि शो के दूसरे सीजन में नए बदलाव देखने को मिलने वाले हैं। फिलहाल तुलसी जेल में है। दो किरदारों- पार्थ और रेयांश की शो से विदाई हो चुकी है। सीरियल की कहानी 10 साल आगे बढ़ने वाली है। कमान नई पीढ़ी को सौंपी जाएगी। लंबे वक्त से सीरियल में मिहिर अनुपस्थित है। देखना दिलचस्प होगा कि दस साल आगे बढ़ने के बाद शो क्या मोड़ लेता है। तुलसी और मिहिर की क्या भूमिका होगी?

## सुनील अरसे बाद पत्नी संग दिखे

**नई दिल्ली।** एक्टर-कॉमेडियन सुनील ग्रोवर गुरुवार रात अपनी पत्नी आरती ग्रोवर के साथ नजर आए। मुंबई में बाहर निकलते समय पैपराजी ने इस कपल को देखा। सोशल मीडिया पर आए एक वीडियो में सुनील, आरती का हाथ थामे



हुए चलते दिखे। पैपराजी को देखकर वे दोनों रुके और मुस्कुराते हुए कैमरों के लिए पोज दिया। वैसे सुनील न तो पत्नी के साथ ज्यादा फोटोज शेयर करते हैं और दिखते भी बहुत कम ही हैं। ऐसे में उनकी बीवी को साथ देख सभी चौंक गए और कपल की सादगी ने हर किसी का दिल लूट लिया। इस आउटिंग के लिए सुनील ग्रोवर ने सफेद टी-शर्ट के ऊपर कैजुअल ब्लैक ब्लेजर और उसके साथ ढीली-ढाली, ओवरसाइज्ड नीली कार्गो ट्राउजर पहनी थी। वहीं, आरती हल्के रंग के, वर्टिकल स्ट्राइप्स वाले फुल-स्लीव टॉप में सिंपल लुक में दिखीं। इस टॉप में आरामदायक फिट के लिए इलास्टिक वाली ड्रॉस्ट्रिंग हेम थी।

## लव एंड वॉर के लिए विक्की ने किया जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन



**मुंबई।** एक्टर विक्की कौशल संजय लीला भंसाली के साथ अपनी पहली फिल्म 'लव एंड वॉर' की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। दो साल से ज्यादा समय से बन रही यह फिल्म अब पूरी होने वाली है। अब ऐसी जानकारी सामने आ रही है कि विक्की कौशल ने अपने किरदार के दो अलग-अलग रूप दिखाने के लिए जबरदस्त फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया है। उन्होंने पहले काफी वजन बढ़ाया और फिर उसे पूरी तरह घटाया। 'लव एंड वॉर' की शूटिंग शुरू करते समय किरदार में ढलने के लिए उन्होंने लगभग 12 किलो वजन बढ़ाया और फिर फिल्म के क्लाइमेक्स की शूटिंग के लिए लगभग 15 किलो वजन घटाकर जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन किया। अपने काम के प्रति उनका समर्पण हमेशा ही काबिले-तारीफ रहा है। यह पहली बार नहीं है जब विक्की ने किसी रोल के लिए अपना फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया हो। एक्टर ने 2025 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'छावा' में छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका के लिए भी इसी तरह का मुश्किल ट्रांसफॉर्मेशन किया था। 'लव एंड वॉर' रोमांस और एविएशन पर आधारित एक पीरियड ड्रामा फिल्म है, जिसमें विक्की कौशल, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। हालांकि

## वीकेंड पर घर बैठे देखिये ये टॉप क्राइम-थ्रिलर फिल्में

**नई दिल्ली।** वीकेंड पर हर कोई फैमिली के साथ एंजॉय करना चाहता है और फैमिली टाइम बिताना चाहता है। ऐसे में ओटीटी वीकेंड पर फैमिली टाइम का एक बेहतरीन जरिया है, जहां आप पूरे परिवार के साथ बैठकर किसी फिल्म या सीरीज का आनंद उठा सकते हैं, वो भी घर बैठे। आइए जानते हैं ओटीटी पर मौजूद टॉप-5 हिंदी क्राइम-थ्रिलर फिल्मों के बारे में, जिन्हें आप ओटीटी पर घर बैठे फैमिली के साथ भी देख सकते हैं।

### दृश्यम 2

आईएमडीबी रेटिंग के मुताबिक, अजय देवगन, तब्बू और अक्षय खन्ना स्टारर 'दृश्यम 2' हिंदी क्राइम थ्रिलर फिल्मों में टॉप पर है। इसके रेटिंग 8.4 है। फिल्म की कहानी अजय देवगन द्वारा निभाए गए किरदार विजय सलगांवकर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने परिवार को बचाने के लिए किसी भी हद तक जाता है और एक लाश को छिपाता है। जिसे पुलिस ढूंढने का प्रयास कर रही है। फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक ने किया है और ये फिल्म प्राइम वीडियो पर मौजूद है।



### अंधाधुंन

आयुष्मान खुराना, तब्बू और राधिका आप्टे स्टारर 'अंधाधुंन' एक शानदार क्राइम-थ्रिलर फिल्म है। आईएमडीबी के मुताबिक इसकी रेटिंग 8.2 है। फिल्म की कहानी आकाश (आयुष्मान खुराना) नाम के एक ऐसे पियानोवादक की है, जो अंधा होने का नाटक करता है। एक दिन वह अनजाने में एक पूर्व अभिनेता के मर्डर और उसकी पत्नी (तब्बू) के काले कारनामों का गवाह बन जाता है, जिससे उसकी जान पर बन आती है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इसका निर्देशन श्रीराम राघवन ने किया है।

### कहानी

सुजॉय घोष द्वारा निर्देशित 'कहानी' में विद्या बालन प्रमुख भूमिका में हैं। इस फिल्म की कहानी लंदन से कोलकाता आई एक गर्भवती महिला विद्या बागची (विद्या बालन) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने लापता पति की तलाश कर रही है। शहर में कोई उसकी मदद नहीं करता और दावा करता है कि उसके पति का कोई अस्तित्व ही नही है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 8.1 है और इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### ए वेडनेसडे

नसीरुद्दीन शाह और अनुपम खेर स्टारर 'ए वेडनेसडे' एक सफल क्राइम-थ्रिलर फिल्म है। फिल्म की कहानी एक आम नागरिक और रिटायर्ड पुलिस कमिश्नर प्रकाश राठौड़ (अनुपम खेर) के इर्द-गिर्द घूमती है। जहां एक कॉमन मैन (नसीरुद्दीन शाह) सिर्फ फोन कॉल के जरिए मुंबई में बम की धमकी देता है और बदले में कुछ आतंकवादियों को छुड़वाने की बात कहता है।

**संगीत और अभिनय विरासत में मिला था, दुर्गा पूजा उत्सवों में गाते थे**

## 45 साल पहले अमित ने पापा किशोर कुमार को हराकर जीता था ये अवॉर्ड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यह बात साल 1975 की है। बंबई के एक छोटे से म्यूजिक रूम में 23 साल का एक नौजवान बेहद घबराया हुआ खड़ा था। उसके ठीक सामने आरडी बर्मन (पंचम दा) बैठे थे और उनके बगल में मन्ना डे तथा किशोर कुमार जैसे महानायक थे। आरडी बर्मन के कहने पर उस नौजवान ने बेहद संकोच और थरथराती आवाज में एक गीत सुनाया। वह नौजवान कोई और नहीं, बल्कि किशोर कुमार के बड़े बेटे अमित कुमार थे। 3 जुलाई 1952 को कोलकाता में जन्मे अमित कुमार को संगीत और अभिनय विरासत में मिला था। उनके पिता किशोर कुमार और मां रूमा गुहा ठाकुरता (प्रसिद्ध बंगाली अभिनेत्री और 'कलकत्ता यूथ चायर' की संस्थापक) थीं। उनके परिवार का नाता फिल्म जगत की दिग्गज हस्तियों से रहा है, जिसमें उनकी सौतेली माताओं में मधुबाला, योगिता बाली और लीना चंदावरकर शामिल थीं, जबकि अभिनेत्री काजोल उनकी भतीजी हैं।



### 11 साल की उम्र में गाया पहला गाना

अमित कुमार का शुरुआती बचपन कोलकाता में बीता, जहां वे दुर्गा पूजा उत्सवों में गाते थे। ऐसे ही एक कार्यक्रम में महान बंगाली अभिनेता उत्तम कुमार ने उनकी प्रतिभा को सराहा। जब मां ने शिकायत की कि अमित केवल 'फिल्मी' गाने गाता है, तो किशोर कुमार उन्हें बंबई ले आए। बंबई आने से पहले ही उन्होंने अपने पिता की निर्देशित फिल्म 'दूर गगन की छांव में' (1964) में अभिनय किया था और फिल्म 'दूर का राही' (1971) के लिए 11 साल की उम्र में अपना पहला गीत 'मैं पंछी मतवाला रे' रिकॉर्ड किया था।

### इस गाने के कारण बने रातों रात स्टार

साल 1981 में रिलीज हुई फिल्म 'लव स्टोरी' के गाने 'याद आ रही है' ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। इस सफलता का सबसे ऐतिहासिक क्षण साल 1982 के फिल्मफेयर अवाड्र्स में आया। बेस्ट मेल प्लेबैक सिंगर की श्रेणी में पिता किशोर कुमार और बेटे अमित कुमार आमने-सामने थे। किशोर कुमार की बात करें तो उन्हें दो नॉमिनेशन मिले थे, जिसमें कुदरत फिल्म का हमें तुमसे प्यार कितना और याराना फिल्म का छूकर मेरे मन को गाना था। कड़े मुकाबले के बाद विजेता अमित कुमार घोषित हुए और किशोर कुमार ने गर्व से अपने बेटे को गले लगा लिया। 1980 के दशक में वे कुमार गौरव, अनिल कपूर और संजय दत्त जैसे युवा कलाकारों की सिग्नेचर आवाज बन गए।

### अमित के पॉपुलर गाने

अमित कुमार के कॅरियर के प्रमुख गीतों की बात करें, तो बड़े अच्छे लगते हैं, तेरी याद आ रही है, एक दो तीन, रोज रोज आंखों तले, उठे सबके कदम, तू रूठा तो मैं मान जाऊंगा, तिरछी टोपीवाले और टिप टिप टिप टिप बारिश जैसे गीत शामिल हैं। 13 अक्टूबर 1987 को किशोर कुमार के आकस्मिक निधन ने पूरी फिल्म इंडस्ट्री को स्तब्ध कर दिया। इसके बाद अमित कुमार ने अपने पिता की अधूरी फिल्म 'ममता की छांव में' (1989) का निर्देशन संभाला और उसे पूरा किया। इसके बाद 4 जनवरी 1994 को उनके मार्गदर्शक आरडी बर्मन भी दुनिया से चले गए। उन्होंने 1990 के मध्य में प्लेबैक सिंगिंग छोड़ दी। उन्होंने अपनी संगीत कंपनी 'कुमार ब्रदर्स म्यूजिक' शुरू की और खुद को स्वतंत्र संगीत तथा विश्वव्यापी लाइव कॉन्सर्ट्स के लिए समर्पित कर दिया।